CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 56 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 16 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## प्रदेश के युवा 5 साल तक खून के आंसू रोए, अब ऊंची उड़ान भरने के लिए रहे तैयार : सीएम शर्मा

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति पर विकसित राजस्थान रन- 2026 को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, मुख्यमंत्री शर्मा ने हजारों लोगों के साथ खुद भी लगाई दौड़, कार्यक्रम में मुख्य सचिव श्रीनिवास और विधायक गोपाल शर्मा सहित कई अधिकारी और प्रबुद्ध जन भी रहे मौजूद*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर में अमर जवान ज्योति पर आयोजित समारोह पर कार्यक्रम में विकसित राजस्थान रन- 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, मुख्यमंत्री शर्मा ने खुद भी हजारों लोगों के साथ इस सामूहिक दौड़ में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री शर्मा दौड़ के लिए घर से ही पूरी तरह से तैयार होकर आए थे मुख्यमंत्री शर्मा ने बाकायदा ट्रैकसूट और सर पर टोपी पहने हुए थे और एक धावक की तरह नजर आ रहे थे । उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों के साथ काफी दूर तक दौड़ भी लगाई । इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास और भाजपा विधायक गोपाल शर्मा सहित कई अधिकारी, कॉलेज, स्कूल और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रही। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी भी बड़ी संख्या में दौड़ लगाने के लिए पहुंचे इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 30 मार्च 1949 को देश के तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने तिथि के अनुसार वृहद राजस्थान की स्थापना की थी इसलिए इस बार हमारी सरकार पहली बार तिथि के अनुसार ही नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा जो 19 मार्च को है मनाने का निर्णय लिया है । 19 मार्च को राजस्थान दिवस पूरे प्रदेश में उल्लास के साथ मनाया जाएगा मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । विकसित राजस्थान रन 2026 इसी का परिणाम है उन्होंने कहा कि नियमित दौड़ लगाने के कई फायदे हैं इससे स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग बना रहता है सकारात्मक ऊर्जा



का समावेश होता है इसलिए दैनिक दिनचर्या में सुबह-सुबह सूर्य उदय से पहले दौड़ जरूर लगाए क्योंकि स्वस्थ जीवन से ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ प्रदेश और स्वस्थ देश का निर्माण होता है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए युवा नीति और कई अन्य नीतियां बनाई है जिनके माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाया जा रहा है। युवाओं को रोजगार के लिए ब्याज मुक्त दिया जा रहा है उन्हें कहा कि पिछली सरकार में पूरे 5 साल तक प्रदेश का युवा खून के आंसू रोता रहा। एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे सरकार से जुड़े लोग अपने परिजनों और निकट के लोगों को तो रोजगार दिलाते रहे लेकिन प्रदेश के टैलेंटेड और किसान परिवार से आने वाले युवाओं को रोजगार से वंचित रखा जिसकी वजह से पूरे 5 साल तक प्रदेश का युवा सड़कों पर आंदोलन करता हुआ नजर आया लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हमारी सरकार ने युवाओं के कल्याण और विकास के लिए कई तरह की नीतियां बनाई हैं हम नीतियों के आधार पर युवाओं के जीवन को बेहतर दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक डेढ़ लाख लोगों को सरकारी नौकरी देती है तथा 133000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में है इसके अलावा सवा लाख नई सरकारी नौकरियों का कैलेंडर जारी किया गया है हम चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे को गंभीरता से पूरा कर रहे हैं और निजी क्षेत्र में भी 6 लाख लोगों को रोजगार देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान के युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बना रहे हैं हम राजस्थान के युवाओं को रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में अनेक सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ किसी भी परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आई यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है इसीलिए प्रदेश का युवा हमारी सरकार को आशा भरी निगाह से देख रहा है ।

### सरकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और कर्तव्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और हमारी सरकार की ओर से किसान गरीब युवा मजदूर महिला के हितों की रक्षा के लिए और उनके सर्वांगीण विकास के लिए कई तरह की योजनाएं शुरू की हुई है इन योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना सिर्फ सरकार से जुड़े लोगों और ब्यूरोक्रेसी का ही काम नहीं है बल्कि यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि जिन लोगों को इन योजनाओं की जानकारी नहीं है उन्हें इन योजनाओं की जानकारी दी जाए ताकि वह इन योजनाओं का फायदा उठा सके मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता से लिए हुए हैं और हम प्रदेश के किसान युवा महिला मजदूर सभी के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि हमारी सरकार ने सबसे पहले पानी के क्षेत्र में प्रदेश के हर जिले में बड़ी-बड़ी योजनाएं और प्रोजेक्ट शुरू करके पानी की समस्या को हमेशा हमेशा के लिए दूर करने की दिशा में कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने रामसेतु जल परियोजना यमुना जल परियोजना इंदिरा गांधी नहर माही डैम नर्मदा का पानी इत्यादि के बारे में बड़े निर्णय लेकर प्रदेश में सभी जिलों में पेयजल और खेत में समुचित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बेणेश्वर धाम में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की देंगे सौगात, विशाल सभा का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज प्रदेश के डूंगरपुर जिले में स्थित विश्व विख्यात धार्मिक स्थल बेणेश्वर धाम में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र के लोगों को देने जा रहे हैं। सभा की व्यापक तैयारियां जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से पूरी कर ली गई है सभा में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन के जुड़े लोग और पार्टी के जनप्रतिनिधि पिछले कुछ दिनों से लगातार डूंगरपुर और आसपास के जिलों में लोगों से संवाद करके सभा में आने के लिए आमंत्रित करते हुए नजर आए इसलिए माना जा रहा है कि आज की इस सभा में डूंगरपुर और आसपास के जिलों के आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में यहां आ सकते हैं जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा आज इस विशेष कार्यक्रम में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण की करेंगे इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर स्थापित की जाने वाली विशेष प्रदर्शनी का लोकार्पण और उद्घाटन भी करेंगे। इस कार्यक्रम में सरकार के कई अन्य मंत्री और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि बेणेश्वर धाम में आयोजित हो रही आज की यह सभा आदिवासी क्षेत्र की राजनीति को नई दिशा दे सकती है इस सभा के माध्यम से एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आदिवासी क्षेत्र के कल्याण और विकास के लिए कई तरह के कार्यक्रमों और विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने वाले हैं तो दूसरी तरफ उनके भाषण पर भी क्षेत्र के लोगों की निगाह टिकी हुई है जानकार लोगों का कहना है कि कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आए आदिवासी समाज के क्षेत्र के बड़े लीडर महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा छोड़कर वापस कांग्रेस पार्टी में जा चुके हैं इसलिए आज की इस सभा के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों का दिल और भरोसा जीतने के लिए अपनी




ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ने वाले हैं हालांकि पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण और विकास के लिए कई तरह की घोषणाएं की है और आदिवासी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में भी विकसित करने के लिए भी बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं तथा आदिवासी क्षेत्र के लोगों को हर तरह की आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अलावा क्षेत्र के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है फिर भी डूंगरपुर बांसवाड़ा प्रतापगढ़ राजसमंद उदयपुर जिलों में आदिवासी समाज के लोगों की संख्या काफी ज्यादा है इसलिए इन जिलों में आदिवासी समाज का समर्थन हासिल करने के लिए आज की सभा में भी मुख्यमंत्री शर्मा कुछ विशेष घोषणाएं करके आदिवासी समाज के लोगों का दिल जीतने का प्रयास करेंगे इसलिए आज की इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के संगठन से जुड़े स्थानीय नेता भाजपा की विधायक और सांसद भी पिछले कुछ दिनों से तन मन से प्रयास करते हुए दिखे हैं।

## चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल पांडिचेरी की विधानसभा चुनाव की तारीख का किया ऐलान


**पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को जबकि तमिलनाडु में 23 को मतदान होगा, केरल असम और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को मतदान संपन्न होगा तथा मतगणना 4 मई को होगी**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है सिर्फ पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरण में होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा । तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा तथा केरल असम और पुडुचेरी के लिए 9 अप्रैल को एक चरण में ही



मतदान होगा। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना 4 मई को होगी । चुनाव आयोग की ओर से विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान किए किए जाने के बाद इन सभी राज्यों में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है । जानकारी के अनुसार छह राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का ऐलान भी चुनाव आयोग ने कर दिया है। जानकारी के अनुसार गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और नागालैंड की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग ने किया है गोवा कर्नाटक नागालैंड और त्रिपुरा में होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान 9 अप्रैल को होगा तथा महाराष्ट्र और गुजरात की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को चुनाव होगा। इसमें बारामती सीट पर भी उपचुनाव होगा जहां से पूर्व डिप्टी सीएम अजीत सिंह पवार विधायक थे जिनका कुछ दिन पहले विमान क्रैश में निधन हुआ था । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के 824 निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2.19 लाख मतदान केदो पर मतदान होगा जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर नियुक्त होंगे असम केरल पांडिचेरी तमिलनाडु पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750 से 900 है ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुर्ननिरीक्षण के दौरान अच्छा काम करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर को बधाई भी दी है उन्होंने बताया कि सभी भी मतदान केदो पर नियुक्त पीठासीन अधिकारी हर 2 घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे और चुनाव समाप्त होने के तुरंत बाद मतदान के आंकड़े अपलोड किए जाएंगे ।



## वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास के दौरान जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में सहभागिता कर त्याग, वीरता एवं बलिदान के प्रतीक मेवाड़ के समस्त वीर-वीरांगनाओं को कृतज्ञतापूर्वक नमन कर उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। सभी वीर-वीरांगनाओं के स्वाधीन व्यक्तित्व की आभा सदियों तक हमारा पथ प्रदर्शित करती रहेगी। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने संबोधन की शुरूआत नारी शक्ति को नमन करके की और भारत माता की जय के नारे से पूरा समारोह स्थल गूंज उठा। उन्होंने कहा, जब मेवाड़ के वीर योद्धा युद्ध में उतरते थे तो उनका एक ही जयघोष होता था, एकलिंग महाराज की जय। यह जयकारा और उनका संकल्प जिस संकल्प से मेवाड़ की भूमि आज भी हम सबके दिल में रची बसी रहती है। वह हमारे दिल में भी याद होना चाहिए। इस धरती के अंदर और इस मेवाड़ की आबोहवा में जो जोश और जुनून है वह आज भी हम सबके अंदर है। राठौड़ ने कहा, आज देश और दुनिया बदल रही है। पूरी दुनिया के अंदर जो संघर्ष हो रहा है वह हम सब देख रहे हैं और यह सही समय है कि इस समय हम सब एक रहें। हमारी पहचान की परतें अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन उन परतों के पीछे जो सबसे बड़ी पहचान है वह हम सब हिंदुस्तानी हैं, यही सबसे बड़ी पहचान है।वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है।

CMYK

## स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूकता के लिए सोमवार को वॉकथॉन व मिलेट मेला

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिले में स्वस्थ खान-पान तथा मोटे अनाज (मिलेट) के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 मार्च को वॉकथॉन एवं मिलेट मेला आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के लिए स्वीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह 8:30 बजे वॉकथॉन रैली का शुभारंभ जिला कलेक्टर कार्यालय खैरथल से किया जाएगा, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, हरसोली रोड परिसर तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि रैली के पश्चात अस्पताल परिसर में मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में मोटे अनाज के पोषण महत्व, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ खान-पान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही प्रतिभागियों को मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजन चखाए जाएंगे तथा उन्हें बनाने की विधि की जानकारी भी दी जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा मिलेट आधारित खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने भामाशाह सम्मान एवं होली मिलन समारोह में की शिरकत

### समाज के उत्थान एवं सशक्तिकरण में भामाशाहों की महत्वपूर्ण भूमिका- जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने अंबेडकर नगर में मीणा बालिका छात्रावास में आयोजित भामाशाह सम्मान एवं होली मिलन समारोह में शिरकत कर भामाशाहों का माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान में भामाशाह की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बालिका छात्रावास के निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों को साधुवाद देते हुए कहा कि समाज की बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए बालिका छात्रावास का निर्माण कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि भामाशाह सम्मान समारोह सामाजिक एकता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कप्तान छुट्टन लाल मीणा के समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान को दृष्टांकित किया एवं अलवर में उनके नाम से बने कप्तान छुट्टन लाल मीणा छात्रावास के पुनर्निर्माण की आवश्यकता के दृष्टिगत समाज एवं परिवार की सहमति पश्चात पुनर्निर्माण हेतु उन्होंने सहयोगार्थ ढाई करोड रुपए की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने बालिका छात्रावास निर्माण के लिए सहयोगार्थ एक कमरा निर्माण के लिए राशि एवं एक माह के वेतन को देने की घोषणा की। कार्यक्रम में थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगीलाल मीणा, नसरू खां, के. एल. मीणा, पी.एल मीणा, आर.डी मीना, बी.पी. मीणा सहित छात्रावास निर्माण व संचालन समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

राजस्थान दिवस 2026

## वन राज्य मंत्री शर्मा ने किया 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) प्रदर्शनी एवं मेले का किया शुभारम्भ

### इस मेले में आमजन उचित दर पर हस्तशिल्प उत्पाद खरीद सकते है

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा होटल मयूर में आयोजित पाँच दिवसीय 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) प्रदर्शनी एवं मेला का शुभारम्भ किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने प्रदर्शनी एवं मेले का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को विकसित राजस्थान के संकल्प के माध्यम से मूर्त रूप देने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर सेक्टर को मजबूत व हर वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के ओडीओपी एवं पंच गौरव जैसे अभियान स्थानीय उत्पादों व हस्तशिल्प कला व स्वरोजगार को बढ़ावा देकर विकसित भारत की संकल्पना को मजबूती प्रदान कर रहें है। उन्होंने डीआईसी के महाप्रबंधक को स्थानीय कम्पोनेंटस, एमएसएमई इकाइयों व हस्तशिल्पियों के विपणन के लिये कार्ययोजना बनाकर ब्रेडिंग करें ताकि जिले की एमएसएमई इकाइयों व हस्तशिल्पियों के उत्पादों को बेहतर मार्केटिंग प्लेटफार्म प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रदर्शनी व मेले का अवलोकन कर स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह किया है।



### 19 मार्च तक चलेगी प्रदर्शनी, आमजन हस्तशिल्प उत्पाद खरीद सकते है

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी व मेला में मयूर होटल में 19 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक लगेगा। जिसमें प्रदर्शनी में 25 स्टॉल लगाई गई है। जिसमें 9 ऑटो कम्पोनेंटस इकाइयां, 4 एमएसएमई इकाइयां एवं 13 हस्तशिल्पियों यथा - वुडन हैण्डिक्राफ्ट , नागरा जूती, खादी के उत्पाद, सजावटी सामान (हस्तशिल्प उत्पाद) की स्टॉल लगायी गयी है। इस मेले में आमजन हस्तशिल्प उत्पाद उचित मूल्य पर खरीद सकते है। इस दौरान रीको अलवर के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष निकुँज सांधी व संरक्षक राजेश गुप्ता , ऑटो कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एशोसिमेशन के अध्यक्ष विवेक गुप्ता व राहुल गुप्ता, राजगढ इण्डस्ट्रीज एशोसियेशन के अध्यक्ष गोपेश शर्मा, मत्स्य उद्योग संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शंशाक झालानी, मिनरल संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, अलवर जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जुनेजा, प. जले सिंह, राजेंद्र कसाना, उद्योगपति, हस्तशिल्पी एवं आमजन मौजूद रहे।

# आरोपः केंद्र के इशारे पर चलने वाली राजस्थान की सरकार कठपुतली का काम कर रही है - नेता प्रतिपक्ष जूली

जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार केवल अपनी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र के इशारे पर चलने वाली राजस्थान की सरकार कठपुतली का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र हो या राज्य सरकार दोनों को ही प्रजा से मतलब नहीं है वह केवल अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं जूली रविवार को बानसूर और उमरैण में एलपीजी गैस सिलेंडर अनुपलब्धता के विरोध में आयोजित प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी दहन किया। उन्होंने कहा कि आज मध्यम और गरीब वर्ग के लिए रसोई चलाना दूभर हो गया है।

कुप्रबंधन से हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार अविलंब गैस के दामों में कटौती करे और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उस दावे पर सवाल उठाए हैं, जिसमें उन्होंने हाल ही में हालात सामान्य होने की बात कही थी। जूली ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर हालात ठीक हैं, तो आखिर लोग गैस सिलेंडरों के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़े हैं?

जूली ने कहा कि ये कहते हैं डबल इंजन की सरकार है, तो दिखे तो सही कि डबल इंजन कहां है? इस संकट की घड़ी में जनता के लिए कुछ कीजिए।

उन्होंने कहा कि गैस नहीं मिली तो किसान बर्बाद हो जाएगा।

जूली ने कहा कि एक ओर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये की वृद्धि कर आम आदमी की कमर तोड़ दी गई है, वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित हो रही है। इस कुप्रबंधन के कारण प्रदेश भर में गैस की कालाबाज़ारी बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठी है। केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार पर आम आदमी की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज मध्यम और गरीब वर्ग के लिए रसोई चलाना दूभर हो गया है।

कुप्रबंधन से हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार अविलंब गैस के दामों में कटौती करे और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।





**जूली ने बाबा भर्तृहरि के धाम पर लगाई धोक, लिया आशीर्वाद, की जनता की खुशहाली की कामना**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भर्तृहरि धाम पर पहुंचकर लोक देवता महाराजा भर्तृहरि के धाम पर धोक लगाते हुए हैं उनका आशीर्वाद लिया और देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

**जूली ने छिंड सरिस्का फाउंडेशन का किया शुभारंभ**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भगवान देवनारायण एवं महाराजा भर्तृहरि की प्रेरणा से सरिस्का के दुर्गम क्षेत्र के लोगों के लिए पेशेवर कौशल विकास जीवन स्तर पर बदलाव के लिए कृतसंकल्प सरिस्का फाउंडेशन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सरिस्का फाउंडेशन प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए पुस्तिका का विमोचन भी किया। जूली ने कार्यालय पर की जनसुनवाई, आमजन से की मुलाकात नेता प्रतिपक्ष ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए आमजन से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान लोगों की परिवेदनाओं को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के नए कार्यालय का उद्घाटन, लाफ्टर योगा व सीपीआर ट्रेनिंग का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंबेडकर चौराहे के पास स्थित श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्यालय परिसर में अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के नए कार्यालय का उद्घाटन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में लाफ्टर योगा एवं सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक हरीश कालरा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन एवं मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एस.सी. मित्तल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की चीफ ट्रेनर डॉ. कुमुद गुप्ता तथा श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश जी, भारत माता एवं सरस्वती माता की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत स्काउट स्कार्फ एवं मालाएं पहनाकर किया गया। इस दौरान संरक्षक हरीश कालरा ने स्वागत उद्बोधन दिया। संरक्षक बालकिशन गुप्ता और मधुसूदन शर्मा ने फेलोशिप के अध्यक्ष गिरीश गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यालय के लिए स्थान उपलब्ध कराने पर चन्द्रशेखर शर्मा का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में चन्द्रशेखर शर्मा ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सभी को मिलकर सेवा कार्यों में जुटना चाहिए। इसी भावना से पत्रकार संघ के कार्यालय का एक हॉल स्काउट एंड गाइड फेलोशिप को उपलब्ध कराया गया है। डॉ. कुमुद गुप्ता ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को सीपीआर की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आपात स्थिति में किसी की जान बचाई जा सके। वहीं डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा समाज सेवा के इस प्रयास की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. एस.सी. मित्तल ने कहा कि आज के समय में किसी को स्थान उपलब्ध कराना भी बड़ा सहयोग है और यह समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने नई कार्यकारिणी को कार्यालय उद्घाटन की बधाई दी। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. कुमुद गुप्ता ने उपस्थित लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया, वहीं डॉ. मित्तल ने लाफ्टर योगा के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को हंसा-हंसाकर आनंदित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## दो बेटियों का कन्यादान, रोशनी चैरेटी को सामाजिक सेवा सम्मान, पुलिसकर्मी भी हुए सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन और रोशनी चैरेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रिवाज रिसोर्ट्स में दो बेटियों का कन्यादान किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए रोशनी चैरेटी को 'सामाजिक सेवा सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद की राजस्व अधिकारी निशा लखानी, रोशनी चैरेटी की रोशनी गुप्ता महावर और शिक्षाविद उमा छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई फाउंडेशन अब तक 336 कन्यादान कर चुका है। संस्था द्वारा विमंदित और मूक-बधिर बच्चों के लिए स्कूल संचालित किया जा रहा है, वहीं भीख मांगने और कचरा बीनने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही नारी सशक्तिकरण के लिए तीन सिलाई केंद्र और एक प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं तथा जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण सहित कई सेवा कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस अवसर पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की पुलिस कर्मी कविता और मुकुल को बेहतर कर्तव्य निर्वहन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने महिलाओं को राजकॉप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाकर उसकी उपयोगी जानकारी भी दी। रोशनी चैरेटी की ओर से यह सेवा पुरस्कार रजनी गुप्ता महावर, रजनी खंडेलवाल, ललिता चुघ, मुकता शर्मा, सुमन खंडेलवाल, ममता मेठी, निशा मेठी, सुनीता, लक्ष्मी, स्मिता भाटिया, कविता, भावना, पुष्पा और अंजू ने प्राप्त किया। इस अवसर पर समाजसेवा के लिए मनोहर झाम, डिजिटल क्रिएटर अंशिका शर्मा, राजकुमार शर्मा, शिखा जैन, सचिन, सुनीता शर्मा, पायल प्रधान, कृष्णकांत खंडेलवाल, खुशबू भारद्वाज, संगीता सिंह, अर्चना आमेरिया, पल्लवी सपड़ा, उमेश खत्री, मुस्कान अलग, संगीता मीना, कमला यादव, रैना मुखीजा और प्रतिभा सिंह को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत अभिषेक तनेजा, रेखा महलावत, सुनीता शर्मा, रेखा शर्मा, गुरप्रीत सिंह पवित्र और शिक्षाविद राजकुमार अदलक्खा ने किया। कार्यक्रम का संचालन गुरप्रीत सिंह और शानू ने किया, जबकि अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने आभार व्यक्त किया।



**सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण**

मुख्य अतिथि राजस्व अधिकारी निशा लखानी ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन का कन्यादान कार्यक्रम समाज सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। जब इतनी बड़ी संख्या में कन्यादान किए जाते हैं तो यह साबित होता है कि बेटियां किसी एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी होती हैं। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई और प्रशिक्षण केंद्र चलाना भी सराहनीय पहल है।

## प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने राजा हसन खां मेवाती के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की

### पैनोरमा में पहुंचकर वीर योद्धा हसन खां मेवाती को माला पहना किए श्रृद्धा सुमन अर्पित

### इफ्तार पार्टी में शामिल होकर दिया प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने अलवर शहर में फ्रेंड्स गार्डन में शहीद राजा हसन खां मेवाती के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कृषि मंत्री डॉ. मीणा ने महान राष्ट्रभक्त योद्धा राजा हसन खां मेवाती को नमन कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात की संस्कृति साझा संस्कृति के रूप में अनूठी पहचान लिए हुए है। यह वीरों की भूमि है। उन्होंने कहा कि राजा हसन खां मेवाती ने बाबर जैसे आक्रांताओं के विरूद्ध मातृभूमि के लिए खानवा के युद्ध में राणा सांगा की तरफ से लडते हुए वीरता, पराक्रम, वतनपरस्ती व सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश कर अलवर का नाम इतिहास के पन्नों में अमर किया। उन्होंने कहा कि शहीद राजा हसन खां मेवाती का बलिदान सिर्फ मेवात या राजस्थान का नहीं, बल्कि पूरे भारत का गौरव है। उनकी वीरता और देशप्रेम की भावना को हमेशा जीवित रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अलवर का इतिहास प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का रहा है, इसे बनाए रखकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग देना हसन खां मेवाती को सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। उन्होंने शिक्षा को समाज की उन्नति का माध्यम बताते हुए बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। वहीं उन्होंने मेव समाज के द्वारा रमजान के पवित्र माह में आयोजित इफ्तार पार्टी में शिरकत कर प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री मीणा ने हसन खां मेवती के पैनोरमा में पहुंचकर वीर योद्धा हसन खां मेवाती को माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने पैनोरमा का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नसरू खान, मौलाना हनीफ सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



जनसुनवाई में सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

## विधायक कार्यालय में आमजन से संवाद, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से रविवार को बहरोड़ स्थित विधायक कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. जसवंत यादव के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. मोहित जसवंत यादव ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने पानी, बिजली, सड़क, राजस्व सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं से डॉ. मोहित जसवंत यादव को अवगत कराया। उन्होंने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों से समाधान की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष, जिला पार्षद एवं अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि भाजपा हमेशा जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है और पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों का संज्ञान लेते हुए आवश्यक नोट्स तैयार किए तथा नियमानुसार उनके समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि विधायक डॉ. जसवंत यादव के मार्गदर्शन में क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है, ताकि आमजन को राहत मिल सके और क्षेत्र का विकास निरंतर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों और क्षेत्र के विकास के लिए सरकार और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर निरंतर प्रयास कर रहे हैं तथा भविष्य में भी जनता के साथ इस प्रकार का संवाद जारी रहेगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



राजस्थान दिवस समारोह-2026

# 'रन फॉर विकसित राजस्थान' से विकसित व स्वच्छ राजस्थान का दिया संदेश

### बड़ी संख्या में युवाओं व आमजन ने लिया उत्साह के साथ भाग

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान दिवस समारोह-2026 के अंतर्गत रविवार को कम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक से 'विकसित राजस्थान रन' को हरी झंडी दिखाकर उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज, यूआईटी के उप सचिव जीतेन्द्र सिंह नरुका, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरुका नेहरू युवा केंद्र के डीवाईओ पंकज यादव ने रवाना किया। दौड़ नंगली सर्किल, एसएमडी सर्किल, मोती डूंगरी होती हुई प्रताप ऑडिटोरियम पर जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान स्वच्छता की शपथ दिलाई।



**नगर निगम की अभिनव पहल : तीन 'आरआरआर वाहिनियों को किया रवाना**

नगर निगम अलवर द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शहर में संचालित मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के लिए आम नागरिकों से अनुपयोगी सामग्री एकत्र कर उन्हें इन केंद्रों में उपयोगी सामग्री बनाकर जरूरतमंद लोगों को वितरित करने के लिए तीन 'आरआरआर वाहिनियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी अनुप्रयोग की सामग्री जिनको पुनः उपयोगी सामग्री में बदला जा सके, उन्हें इन वाहिनियों को भेंट करें ताकि मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से उपयोगी सामग्री के रूप में बदलकर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जा सके।

### ये रहे आकर्षण के केंद्रः गीला व सूखा कचरा डेमो, स्वच्छता स्टॉल, रंगोली व सेल्फी बूथ

रन फॉर विकसित राजस्थान' कार्यक्रम के शुभारम्भ स्थल शहीद स्मारक पर नगर निगम के द्वारा विकसित व स्वच्छ राजस्थान थीम पर आधारित गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र गीला व सूखा कचरा पृथक्करण करने का संदेश देने का डेमो रहा जिसमें गीला व सूखा कचरे का कॉस्ट्यूम पहने हुए निगम के कार्मिकों ने प्रस्तुति दी। इसी प्रकार आकर्षक रंगोली, स्वच्छता स्टॉल तथा स्वच्छता सेल्फी बूथ आकर्षण के केंद्र रहें। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय व आमजन की भागीदारी से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा विकसित राजस्थानव स्वच्छ राजस्थान के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों, आमजन नागरिकों, युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# गैस संकट पर बोले कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा- आने वाले 10 दिनों में स्थिति बिलकुल सामान्य हो जाएगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में गैस संकट पर खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने एक बार फिर कहा है कि प्रदेश में कहीं भी किसी भी तरह का तेल और गैस को लेकर कोई संकट नहीं है उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद जयपुर में कई पेट्रोल पंप पर जाकर देखा है उन्हें कहीं भी किसी भी तरह की कोई कमी और अव्यवस्था देखने को नहीं मिली है उन्होंने कहा कि 2 दिन पहले गैस को लेकर जो स्थिति थी वह आज नहीं है और आने वाले 10 दिनों में पहले की तरह स्थिति बिलकुल सामान्य हो जाएगी उन्होंने कहा कि वैसे तो अब भी घरेलू के सिलेंडर को लेकर किसी भी तरह की कोई टेंशन वाली बात नहीं



है प्रदेश भर में गैस एजेंसी पर बुक करने के बाद तीन से पांच दिन में लोगों के पास गैस पहुंच रही है उन्होंने आमजन से भी कहा है कि वह खुद गैस एजेंसी के दफ्तर पर गैस बुक करने के लिए नहीं जाए बल्कि बुक करने के बाद 3 से 5 दिन में उनके घर गैस पहुंच जाएगी उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट युद्ध की वजह से गैस और ईंधन को लेकर जो हालात बने हैं वह भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बने हुए हैं इसलिए व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए केंद्र सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर पर पाबंदी लगाई थी लेकिन उसमें हॉस्पिटल स्कूल इत्यादि पर छूट भी दी गई थी और अब 20 प्रतिशत कमर्शियल गैस पर भी पाबंदी हटा दी गई है गोदारा ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर में तो वैसे ही स्थिति सामान्य है लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता जो बयान बाजी कर रहे हैं उसकी वजह से लोग पैनिक होकर गैस एजेंसी के दफ्तर पर पहुंच रहे हैं उन्होंने आमजन से भी कहा कि वैश्विक संकट में आम नागरिक होने के नाते यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी बनती है कि वह ऐसे समय में सरकार के साथ खड़ा रहे और सरकार के निर्णय को स्वीकार करेंसुमित गोदारा ने कहा कि विपक्षी दल खासतौर से कांग्रेस पार्टी के नेताओं को यह सूचना चाहिए कि यह एक तरीके से वैश्विक संकट का माहौल है राजनीति करने के लिए और बहुत से मुद्दे होते हैं लेकिन इस तरह के मुद्दों पर लोगों को गुमराह करके पैनिक करना और समस्या को बढ़ाना राष्ट्रीय हित में और जनहित में नहीं है उन्होंने कहा कि देश में गैस और तेल पर्याप्त मात्रा में है केंद्र सरकार ने गैस उत्पादन करने वाली कंपनियों को और ज्यादा गैस उत्पादन करने को कहा है आने वाले दिनों में कमर्शियल सप्लाई पर भी पाबंदी हट जाएगी अगले 10 दिन में स्थिति पहले की तरह सामान्य हो जाएगी वैसे घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर स्थिति अभी भी सामान्य है सिर्फ लोग बेवजह पैनिक हो रहे हैं एक अन्य सवाल के जवाब में सुमित गोदारा ने कहा कि प्रदेश में सभी जिलों में गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है जो पूरे जिले में कड़ी निगरानी कर रही है कई जगहों पर मौके पर कालाबाजारी और जमाखोरी कर रहे लोगों को पकड़ा भी है जयपुर में भी कार्रवाई हुई है ।

## एमडी ड्रग्स की बड़ी फैक्ट्री का खुलासा, भारी मात्रा में साजो सामान बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान पुलिस की एंट्री नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बाड़मेर में जड़ियों का मगरा में सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने की एक फैक्ट्री पड़ी है इस फैक्ट्री में भारी मात्रा में सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने की सामग्री और उपकरण बरामद किए हैं मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौके पर जो सामग्री और उपकरण बरामद किए गए हैं उनसे करीब 4 किलो सिंथेटिक ड्रग्स तैयार होता जिसकी कीमत करोड़ों रुपए बताई जा रही है मौके पर पुलिस ने एक व्यक्ति को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ करके फैक्ट्री के संचालकों के नाम पते मालूम करने का प्रयास कर रही है इसके अलावा यह फैक्ट्री यहां कब से संचालित है और फैक्ट्री में तैयार होने वाले उत्पाद को कहां-कहां सप्लाई के लिए भेजा जाता था इन सब के बारे में पूछताछ की जा रही है यह फैक्ट्री घने जंगल के बीच में एक झोपड़ी में संचालित की जा रही थी जिस तक पहुंचाना काफी मुश्किल था लेकिन एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम ने आखिरकार इस फैक्ट्री को ढूंढ ही लिया।

## फैक्ट्री में खाना खाने से दो दर्जन लोगों की तबीयत बिगड़ी, श्रमिकों में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पाली जिले के सोजत में स्थित एक फैक्ट्री में भोजन करने के बाद भोजन करने वाले श्रमिकों की तबीयत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार करीब दो दर्जन श्रमिकों की सामूहिक रूप से भोजन करने के बाद तबीयत बिगड़ने की खबर मिली है श्रमिकों के पेट में दर्द उल्टी सर में दर्द जैसी शिकायत सुनने को मिली है सभी श्रमिकों को उपचार के लिए निकट के अस्पताल में एडमिट करवाया गया है श्रमिकों की हालत फिर बताई गई है सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है श्रमिकों ने सामूहिक रूप से जो भोजन किया है उसके सैंपल एकत्रित करके जांच के लिए लैबोरेट्री भिजवाया गया है कहीं ना कहीं ऐसा लगता है कि भोजन दूषित होने की वजह से श्रमिकों की तबीयत बिगड़ी है पुलिस फैक्ट्री के संचालकों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है पुलिस इस मामले में भोजन पकाने वाले स्टाफ से भी पूछताछ कर रही है इसके अलावा भोजन में जो सामग्री उपयोग में ली गई वह सामग्री कहीं गुणात्मक दृष्टि से खराब तो नहीं थी या फिर पकाए गए भोजन में कोई जहरीला जानवर तो नहीं गिर गया इन सबके बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है और लैबोरेट्री से आने वाली जांच का भी पुलिस इंतजार कर रही है फिलहाल जिन श्रमिकों का उपचार चल रहा है वे सभी श्रमिक खतरे से बाहर हैं लेकिन उनके परिजनों के चेहरों पर चिंता की लकीर जरूर दिख रही है।

## बाइक सवार लुटेरे स्कूटी सवार महिला का बैग लूटकर फरार, दिनदहाड़े हुई यह लूट की वारदात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बीकानेर में मुरलीधर व्यास कॉलोनी सेक्टर डी में बाइक पर सवार दो लुटेरे स्कूटी सवार एक महिला से बैग छीनकर फरार हो गए वारदात के दौरान स्कूटी रोड पर फिसल गई जिसकी वजह से स्कूटी पर सवार महिला और उसकी मासूम बेटी के हल्की चोट भी आई है हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पूरे शहर में नाकाबंदी की है और शहर से जुड़े सभी छोटे-बड़े राजमार्गों पर पुलिस की कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई है लेकिन बीकानेर में दिनदहाड़े हुई इस वारदात को लेकर शहर के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड की जांच करके लुटेरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस लुटेरों तक नहीं पहुंच पाई थी जानकारी के अनुसार जिस जगह पर यह लूट की वारदात हुई है वह इलाका काफी व्यस्त इलाका है इसलिए दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात ने बीकानेर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगा दिया है लूट की यह वादा वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे में हुई है जिसमें बाइक सवार लुटेरे स्कूटी सवार महिला से बैग लुटते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं ।

## बिजली की हाइट टेंशन लाइन गिरने से 50 भेड़ बकरियों की हुई मौत, ग्रामीणों ने मुआवजा मांगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की पाली जिले में नाना थाना इलाके में बिजली की हाई टेंशन लाइन गिरने की वजह से करीब 50 भेड़ बकरियों की मौके पर ही जलने की वजह से मौत हो गई इस हादसे के बाद ग्रामीणों में जोरदार आक्रोश छाया हुआ है ग्रामीणों ने भेड़ बकरियों की मौत पर मुआवजा की मांग की है सूचना मिलने के बाद पुलिस जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा नहीं है बल्कि उनके पालतू पशुओं की हत्या की गई है यह बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से घटना हुई है इसलिए ग्रामीणों ने मुआवजा भी मांगा है तथा दोषी बिजली अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की डिमांड भी की है जानकारी के अनुसार नाना थाना इलाके में अचानक बिजली की हाई टेंशन लाइन टूट कर नीचे करीब 50 भेड़ बकरियों पर गिर गई जिसकी वजह से बिजली का करंट लगने से भेड़ बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई इस हादसे में चरवाहा भी बिजली के तारों की चपेट में आ सकते थे लेकिन उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई जिसकी वजह से उनकी जिंदगी बच गई अन्यथा यहां पर जनहानि भी हो सकती थी जैसे ही इस हादसे के बारे में आसपास के गांव वालों को जानकारी मिली उनमें इस हादसे को लेकर गुस्सा छा गया मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और भेड़ बकरियों का मुआवजा मांगने लगे तथा दोषी बिजली अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की डिमांड करने लगे जानकारी के अनुसार पाली जिले में पूर्व में भी बिजली की हाई टेंशन लाइन गिरने के मामले हो चुके हैं लेकिन बार-बार इस तरह की घटना होने के बावजूद भी आखिर ऐसी कौन सी वजह है जिसकी वजह से बिजली की हाई टेंशन लाइन टूट कर नीचे गिर जाती है यह तो गनीमत रहेगी यह बिजली की लाइन जंगल में टूटकर गिरी अगर यह लाइन आवासीय बस्ती पर गिर जाती तो वहां बड़ा हादसा हो सकता था जिसमें कई लोगों की जान भी जा सकती ।

## आमेर के सागर रोड पर मगरमच्छ के आने से लोगों में दहशत, लुनेश्वर मंदिर के पास देखा गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के आमेर इलाके में शनिवार की आधी रात एक मगरमच्छ सागर रोड पर देखा गया मगरमच्छ के सड़क पर आने के बाद आबादी इलाके में रहने वाले लोगों में दहशत छा गई है जानकारी के अनुसार शनिवार की आधी रात करीब 12:30 बजे मगरमच्छ सागर रोड पर मंदिर के पास देखा गया इस मगरमच्छ का कार में सवार एक युवक ने मोबाइल से वीडियो बनाया और फिर से सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने के बाद जब लोगों ने मगरमच्छ को सागर रोड पर देखा तो वहां आबादी इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता छा गई हालांकि कार सवार युवक का कहना है कि मगरमच्छ आराम से सड़क के किनारे टहल रहा था टहलता टहलता वह आंखों से ओझल भी हो गया युवक का कहना था कि कहीं ना कहीं वह जंगल में चला गया लेकिन इस मगरमच्छ को लेकर सागर रोड पर आबादी इलाके में रहने वाले लोग घबराहट में है क्योंकि सागर रोड पर आवासीय इलाका भी है जहां बड़ी संख्या में लोग रहते हैं इसलिए वन विभाग के अधिकारियों से इस मगरमच्छ को पकड़ने की गुहार भी स्थानीय लोगों ने की है जानकार लोगों का कहना है कि आमेर फोर्ट के पीछे सागर झील है वहां पर घना जंगल और पहाड़ियों हैं इस जंगल में कई मंदिर भी बने हुए हैं और यहां पर सागर रोड पर स्थित विभिन्न कॉलोनी के लोग सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए भी आते हैं इसके अलावा देश और विदेश के पर्यटक भी यहां पर घूमने के लिए आते रहते



हैं हालांकि आमेर फोर्ट के पीछे जो सागर झील है उसमें एक मगरमच्छ जरूर रहता है यह मगरमच्छ कई बार पानी की झील से निकलकर बाहर भी आ जाता है जिसे पड़कर वापस पानी की झील में छोड़ दिया जाता है शनिवार के आधी रात मंदिर के पास सागर रोड पर जो मगरमच्छ देखा गया है वह मगरमच्छ नजदीक जंगल से आया था या फिर सागर झील से निकलकर रोड पर आया इसके बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन मगरमच्छ के इस तरह से सड़क पर आने के बाद आसपास की आवासीय बस्तियों में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता जरूर छाई हुई है उल्लेखनीय है कि सागर की पहाड़ियों में भी पैंथर का मूवमेंट अक्सर रहता है अब जिस तरह से मगरमच्छ सागर रोड पर देखा गया है तो यह निश्चित रूप से इलाके में रहने वाले लोगों के लिए डर का विषय है ।

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि को लाभकारी व्यवसाय में बदलना मोदी सरकार का लक्ष्य- मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषोन्नति योजना का पुनर्गठन किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की यह योजना किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन में सुधार तथा आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। 15वें वित्त आयोग की अवधि यानी वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान इस योजना के लिए कुल 44,246.89 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने सदन में यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि कृषोन्नति योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण मिशन और कार्यक्रम शामिल किए गए हैं, इनमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन, समेकित बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय बांस मिशन, कृषि विस्तार उप-मिशन, पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन, एकीकृत कृषि विपणन योजना तथा डिजिटल कृषि मिशन जैसे प्रमुख घटक शामिल हैं। राठौड़ ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही



नहीं, बल्कि किसानों को बेहतर बाजार, आधुनिक तकनीक, बीज, सिंचाई और कृषि से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। सरकार का लक्ष्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि को लाभकारी व्यवसाय में बदलना है। राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में भी काम कर रही है, जिससे किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके और कृषि क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। राठौड़ ने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से देश के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए नई योजनाएँ और सुधार जारी रहेंगे।

## पीएम मोदी का 56 इंच का सीना 16 इंच का हो गया, दिल्ली में होगी ऐतिहासिक रैली : सीकर सांसद अमराराम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।**सीकर सांसद और कॉमरेड अमराराम ने प्रदेश के किसान मजदूर युवा और महिलाओं को आगामी 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाने की पुरजोर अपील की है सांसद अमराराम ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पीएम मोदी ने देश के लोगों से कई तरह के वादे करके लोगों से वोट ले लिए और प्रधानमंत्री की कुर्सी पर भी बैठ गए लेकिन आज देश में किसान युवा महिला सब परेशान हैं और अब जिस तरह से पूरे देश में गैस पेट्रोल डीजल को लेकर जो हाहाकार की स्थिति बन गई है इसका कारण भी मोदी सरकार की विदेश नीति है अमराराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद का 56 इंच का सीना बताते फिर रहे थे लेकिन ऐसा लगता है उन्होंने जिस तरह से अमेरिका के सामने सरेंडर किया है उनका सीना 56 इंच का नहीं बल्कि 16 इंच का रह गया है उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल साबित हुई है और यह मोदी सरकार की नाकामी को उजागर कर रही है कर रही है उन्होंने कहा कि देश के किसानों की हालत आज किसी से छुपी हुई नहीं है पहले किसानों के लिए काले कानून लेकर आए किसानों के इन काले कानून को लेकर देश भर में हुए विरोध के बाद मोदी सरकार को यह कानून वापस लेने पड़े देश के किसानों की आर्थिक स्थिति को दुगनी करने का दावा करने वाली मोदी सरकार ने देश के किसानों की हालत काफी खराब कर दी है और मोदी सरकार ने किसान की इनकम तो दुगनी नहीं की लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को फायदा पहुंचने का प्रयास जरूर किया गया यही हालात देश के युवाओं की है बेरोजगारी की समस्या तेजी से बढ़ रही है मजदूर के रोजगार गारंटी कानून को समाप्त कर दिया गया है इस तरह से किसान युवा महिला मजदूर सभी के हितों को मोदी सरकार ने कुचल कर रख दिया है इसीलिए मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ आगामी 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में वामपंथी दलों की एक राष्ट्रीय व्यापी रैली का आयोजन किया जा रहा है सांसद अमराराम ने प्रदेश के लोगों से कहा है कि वह दिल्ली की इस रैली में बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखाकर मोदी सरकार की जन विरोधी




किसान विरोधी मजदूर विरोधी और युवा विरोधी नीतियों का विरोध करें जानकारी के अनुसार 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली इस रैली में राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर जाने की मुहिम में वामपंथी दलों की ओर से लोगों से संवाद किया जा रहा है किसानों और मजदूरों को यह बताया जा रहा है कि सरकार की नीतियों की वजह से आज किसान मजदूर और युवा की हालत काफी खराब हो गई है इसके लिए वामपंथी दलों की ओर से प्रदेश में जनसंवाद के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है जो विभिन्न जिलों में जाकर लोगों से संवाद करके उन्हें दिल्ली की रैली में जाने के लिए रिक्वेस्ट कर रहे हैं अब देखने वाली बात यह है कि दिल्ली में 24 मार्च को आयोजित होने जा रही इस रैली में राजस्थान से कितनी बड़ी संख्या में लोग अपनी उपस्थिति दिखाते हैं लेकिन संसद अमराराम का कहना है कि दिल्ली की यह रैली काफी ऐतिहासिक होगी और देश के सभी राज्यों से बड़ी संख्या में लोग इस रैली में आएंगे उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर से गैस और तेल के लिए पूरे देश में लंबी-लंबी कतार लगने लगी है गैस और तेल की कमी से छोटा-मोटा कारोबार करने वाले लोगों के धंधे चौपट हो गए हैं आम उपभोक्ता गैस के लिए घंटे तक लाइन में खड़ा रहता है पूरे देश में एक अजीब हालात पैदा हो गए हैं लेकिन फिर भी केंद्र सरकार के लोग कहते हैं कि देश में पर्याप्त गैस और तेल है अमराराम ने कहा कि यह सब भारत की कमजोर विदेश नीति की बदौलत हो रहा है पीएम मोदी ने एक तरह से अमेरिका के सामने खुद को सरेंडर कर दिया है जो भारत के अस्मिता के लिए ठीक नहीं है ।

## वांगचुक की रिहाई ने भाजपा की दमनकारी नीतियों को किया बेनकाब : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की लगभग 170 दिनों की लंबी और अन्यायपूर्ण हिरासत के बाद हुई रिहाई का हार्दिक स्वागत किया है। मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए जूली ने कहा कि जिस प्रकार वांगचुक पर पहले राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसी कठोर और दमनकारी धाराएं थोपी गईं और अब अचानक उन्हें हटा लिया गया, उसने केंद्र सरकार की मंशा को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। जूली ने जोर देकर कहा कि वांगचुक द्वारा जेल में बिताए गए महीने केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की क्षति नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र के लोकतांत्रिक मूल्यों की अपूरणीय क्षति है। इस केस की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही थी। लोकतंत्र में असहमति कीआवाज को कुचलने का यह प्रयास भाजपा की तानाशाही और सत्ता के अहंकार को दर्शाता है। इसी प्रकार का अन्यायपूर्ण रवैया अंग्रेजी सरकार का भारतवासियों के प्रति था। साफ़ है कि उन्ही के पैरोकार अब सत्ता में हैं तो वैसा ही व्यवहार करेंगे। ये तरीका लोकतंत्र का गला घोंटने के समान है, और कांग्रेस पार्टी इस तरह के दमनकारी शासन के विरुद्ध अपनी आवाज



बुलंद करती रहेगी। प्रदेश में व्याप्त एलपीजी संकट पर राज्य सरकार की संवेदनहीनता को आड़े हाथों लेते हुए जूली ने कहा कि आज राजस्थान की जनता गैस की किल्लत से त्रस्त है, लेकिन भाजपा सरकार जनसमस्याओं के समाधान के बजाय केवल कांग्रेस से लड़ने और विपक्ष को कोसने में अपनी पूरी ऊर्जा व्यर्थ कर रही है। सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने तंज कसा कि कांग्रेस से लड़ने के बजाय अगर भाजपा अपनी ऊर्जा कालाबाज़ारी से लड़ने में लगाती तो आज राजस्थान की माताएं, बहनें, मज़दूर,ऑटो चालक, थड़ी -ठेले वाले इस तरह से परेशान न हो रहे होते ।

## जोधपुर जेल में कैदियों ने रोजा इफ्तिखार पार्टी के फोटो खींच सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जेल प्रशासन ने 13 मोबाइल बरामद किए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की प्रमुख जोधपुर सेंट्रल जेल में कैदियों की ओर से रोजा इफ्तिखार पार्टी का फोटो खींचकर उसको सोशल मीडिया पर अपलोड करना भारी पड़ गया क्योंकि जैसे ही कैदियों के रोजा इफ्तार पार्टी के फोटो सोशल मीडिया पर जारी हुई वैसे ही जोधपुर शहर पुलिस के अधिकारियों में कैदियों के फोटो को लेकर खलबली मच गई जोधपुर पुलिस ने तुरंत जेल प्रशासन को इस बारे में अवगत करवाया इसके बाद जोधपुर पुलिस और जेल प्रशासन की ओर से जेल में जगह-जगह दी गई और पूरे जेल परिसर में सगन तलाशी अभियान शुरू किया गया जिसमें 13 मोबाइल फोन बरामद भी किए गए हैं जेल प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर कैदियों ने मौके पर विरोध किया और हंगामा मचाया लेकिन 13 कैदियों से मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं और सभी कैदियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया जा रहा है जानकारी के अनुसार रमजान के पाक महीने में जोधपुर जेल प्रशासन की ओर से कैदियों को रोजा पार्टी आयोजन करने की अनुमति ही नहीं दी थी बल्कि इसके लिए अलग-अलग बैरक में कैदियों के लिए व्यवस्था भी की थी लेकिन उत्साहित कैदियों ने अपनी इस पार्टी का फोटो खींचकर सोशल मीडिया में अपलोड किया इसके बाद जैसे ही यह मामला और यह फोटो जोधपुर शहर पुलिस के अधिकारियों तक पहुंचे अधिकारियों ने तुरंत जेल प्रशासन को इस बारे में जानकारी दी इसके बाद जेल प्रशासन ने तुरंत पूरे जेल परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया जिसमें 13 कैदियों के पास मोबाइल फोन मिले इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन मिलने के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि चाहे कितनी ही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी जाए प्रदेश की जेल में मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं जैसे तैसे कैदियों के पास पहुंच जाती है ।

## कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के खिलाफ जयपुर में जोरदार प्रदर्शन, अय्यर को राजस्थान में नहीं घुसने देंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणि शंकर अय्यर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा से जुड़े लोगों में अय्यर को लेकर जोरदार गुस्सा छाया हुआ है भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कनोडिया कॉलेज के सामने अय्यर के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और कांग्रेस नेता अय्यर का पुतला भी जलाया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा से जुड़े लोगों का कहना है कि मणि शंकर अय्यर को अब राजस्थान की सीमा में घुसने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि मणि शंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों का अपमान किया है इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवाओं और छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अगर हमें यह पहले ही पता चल जाता की मणि शंकर अय्यर जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द बोलकर गए हैं तो हम मणि शंकर अय्यर को उस समय ही अच्छा जवाब दे देते सुमन शर्मा ने कहा कि मणि शंकर अय्यर पहले भी कई बार विवादित बयान दे चुके हैं बयान देने के बाद अय्यर माफी भी मांग लेते हैं लेकिन अब अय्यर की माफी को



भी स्वीकार नहीं किया जाएगा और राजस्थान में उन्हें घुसने नहीं दिया जाएगा राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि कांग्रेस नेता मणि शंकर अय्यर अपने बयानों को लेकर हमेशा विवादित रहते हैं कई बार उन्हें खुद को ही यह पता नहीं रहता कि वह क्या बोल रहे हैं बाद में वह अपने बयान को लेकर माफी भी मांग लेते हैं जानकार लोगों का कहना है की मणि शंकर अय्यर की व्यक्तिगत लाइव भी काफी क्रिटिकल हो चुकी है और वह अपने बयान और स्वभाव को लेकर पहले की तरह एक अच्छे राजनेता के रूप में नहीं माने जाते कांग्रेस पार्टी में भी उनकी छवि लगातार कमजोर होती जा रही है उन्होंने कहा कि मणि शंकर अय्यर पूर्व में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं और कांग्रेस पार्टी के एक अच्छे लीडर माने जाते थे लेकिन पिछले कई सालों से कांग्रेस पार्टी के संगठन में भी उन्हें ज्यादा तवज्जो नहीं दी जाती और कांग्रेस पार्टी में भी उन्हें अब ज्यादा लायक नहीं किया जाता ।

## सम्पादकीय

### आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया: स्थिर आय के बीच बेकाबू होती रसोई की कीमतें



जब किसी भी तरह के रोजगार से आय का स्तर ठहरा हुआ हो, जरिया सीमित हो, तो आम आदमी की उम्मीद यही होती है कि बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतें उसकी पहुंच में हों या फिर कम से कम स्थिर रहें। मगर पिछले कुछ वर्षों से आमदनी की तुलना में रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को जितना खर्च करना पड़ रहा है, वह कई बार भारी पड़ता है। माना जाता है कि दिसंबर से फरवरी तक की अवधि में बाजार में सब्जियों की आवक ज्यादा होने की वजह से महंगाई काबू में रहेगी। मगर सरकार की ओर से जारी ताजा आंकडों के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई फरवरी में बढ़ कर 3.21 फीसद हो गई। हालांकि जनवरी में यह 2.74 फीसद के स्तर पर रही थी। जाहिर है, सिर्फ एक महीने के भीतर जरूरी वस्तुओं की कीमतों में तेज इजाफा हुआ और यह पिछले दस महीने के सबसे उच्च स्तर पर दर्ज किया गया। कहा जा सकता है कि फरवरी के आंकड़े के मुताबिक महंगाई दर चार फीसद से नीचे है, लेकिन यह भी देखने की जरूरत है कि कीमतों के संदर्भ में जरूरी सामान तक आम लोगों की पहुंच किस हद तक आसान है। यह छिपा नहीं है कि रोजगार और आय की कसौटी पर देश की ज्यादातर आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। लंबे समय से स्थिर आमदनी और कमजोर क्रयशक्ति की स्थिति में जब सबसे जरूरी चीजों पर लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उसके लिए मुश्किलें पैदा होती हैं। फरवरी में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण दरअसल खाने-पीने की चीजों के दामों में बढ़ोतरी रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि ग्राहकों की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। इसी वजह से रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते समय खुदरा महंगाई को ही अपना आधार बनाता है। अगर खुदरा महंगाई की दर उसके तय दायरे यानी चार फीसद के बाहर चली जाती है तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है। महंगाई के ताजा आंकड़े फरवरी के हैं, जब पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात नहीं थे। अब पिछले कुछ दिनों से जिस तरह ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका की साझा जंग चल रही है, उसका बाजार में थोक और खुदरा महंगाई पर क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, युद्ध की वजह से तेल की सहज आपूर्ति को लेकर पहले ही कई तरह की आशंकाएं उभर रही थीं कि इस बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को बाधित कर दिया। इसके बाद उस रास्ते से भारत में भी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है और इसका असर बाजार पर पड़ना तय माना जा रहा है। फिलहाल खाना पकाने वाले गैस की कीमत में इजाफा और गैस सिलेंडरों की कमी की आशंका में लोगों के बीच मची अफरा-तफरी देखी जा सकती है। ऐसे में इस बात की आशंका गहरा रही है कि अगर युद्ध लंबा खिंचा और कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित रही, तो भारत में भी पेट्रोल-डीजल के दाम पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। इसके बाद माल ढुलाई में बढ़ोतरी के साथ स्वाभाविक रूप से बाजार में मौजूद सभी चीजें महंगी होंगी। जाहिर है, सरकार को आने वाले दिनों में हालात का आकलन कर महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। ईरान ने दो भारतीय टैंकरों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दे दी है।



## कहानी

### सत्य बोलने का महत्त्व

महाराष्ट्र में संत नामदेव महाराज नामक एक महान संत हुए थे । एक दिन एक चोर उनके पास गया और उसने कहा, 'महाराज, मुझे चोरी करने की बहुत बुरी आदत है और इस चोरी करने की आदत से मैं मुक्त होना चाहता हूं । इसके लिए मैं क्या करूं कृपया आप मेरा मार्गदर्शन कीजिए ।' नामदेव महाराज ने कहा, 'तुम किसी भी परिस्थिति में सदैव सत्य ही बोलना ।' उस चोर ने उनको धन्यवाद दिया और वहां से चला गया । संत नामदेव महाराजजी से मिलने के बाद उस चोर को मार्ग में उस देश का राजा मिला । बालमित्रो, प्राचीन काल में राजा अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए अपना भेष बदल कर नगर में भ्रमण करते थे । जब उस चोर को मार्ग में राजा मिले, तब राजा ने अपना भेष बदला हुआ था, इस कारण चोर राजा को पहचान नहीं पाया । राजाने उस चोर से पूछा, 'तुम कौन हो क्या करते हो ' चोर ने नामदेव महाराज के बताए अनुसार सत्य बोल दिया और कहा कि, 'मैं एक चोर हूं ।' उसकी यह बात सुनकर राजा चकित हो गया । तब राजा ने उससे कहा, 'मैं भी एक चोर हूं । अब हम दोनों मिलकर चोरी करेंगे । जो भी धन मिलेगा वह आपस में बांट लेंगे । मैं तुम्हें जैसे बताता हूं, तुम वैसे ही करना ।' चोर ने राजा की बात मान ली । राजा ने उसे एक सुरंग दिखाई और कहा, तुम इस मार्ग से राजमहल में पहुंच जाओगे । राजमहल में पहुंचते ही तुम्हें एक कमरा दिखाई देगा । उस कमरे में हीरों से भरी एक पेटी है । उसमें कुछ हीरे हैं । उसमें जितने भी हीरे हैं, उसमें से आधे तुम ले लेना और आधे मुझे दे देना । क्या तुम ऐसा कर पाओगे ' चोर ने कहा, 'हां ! मैं ऐसा ही करूंगा ।' उसके बाद चोर राजा के बताए मार्ग पर चल पडा और राजमहल में पहुंचने पर उसे वहां एक कमरा दिखाई दिया । उस कमरे में एक पेटी रखी थी । चोर ने उस पेटी को खोलकर देखा तो उसकी आंखे चमक गई । उसमें तीन हीरे रखे थे । चोर ने उसमें से दो हीरे उठाए और वह राजा के पास पहुंचा । उसने राजा को बताया कि वह उस पेटी से दो हीरे उठा लाया है । चोर ने एक हीरा राजा को दिया और एक स्वयं रख लिया । उसके बाद दोनो वहां से चले गए । अगले दिन सुबह राजाने उस चोर को पकडकर लाने के लिए सैनिकों को आदेश दिया । सैनिक चोर को पकडकर राजमहल ले आए । राजा ने अपने मंत्री को हीरों की पेटी लाने का आदेश दिया । मंत्री वह पेटी ले आया । बालमित्रो, पेटी में एक भी हीरा नहीं था, जबकि चोर ने तो दो हीरे ही चुराए थे । राजा यह बात जानता था । राजा ने वह पेटी चोर को दिखाई और पूछा, 'तुमने इसी पेटी से हीरे चुराए हैं न ' चोर ने कहा, 'हां महाराज ! मैंने इसी पेटी से हीरे चुराए हैं । इस पेटी में तीन हीरे थे, उसमें से मैंने दो हीरे चुराए क्योंकि चोरी किए हुए हीरों को मुझे अपने साथी के साथ दो समान भागों में बांटन थ । तीन हीरों के समान भाग नहीं हो सकते थे । इसलिए मैंने दो हीरे उठाए और एक इसी पेटी में छोड दिया ।' राजा को पता था कि चोर सच बोल रहा है । राजा ने चोर की ईमानदारी स्वयं अनुभव की थी । राजा समझ गया कि तीसरा हीरा मंत्री ने चुराया है । उसने सैनिकों को आदेश दिया कि मंत्री की जांच करें । सैनिकों ने जब मंत्री की जांच की तब उसके पास तीसरा हीरा मिल गया । राजाने मंत्री को कारागृह में डाल दिया और चोर को अपना मंत्री बना लिया ।

# आर्थिक आपदा बनता युद्ध

*नई दिल्ली में ईरान के राजदूत ने भी भारत को मित्र देश बताते हुए ऐसे ही सकारात्मक संकेत दिए और दो भारतीय जहाजों को इस जल मार्ग से आने की इजाजत मिल भी गई, लेकिन यह अभी साफ नहीं कि भविष्य में सभी भारतीय जहाज होर्मुज से बिना किसी परेशानी के गुजरते रह सकते हैं या नहीं? खाड़ी के देशों में तेल और गैस का उत्पादन प्रभावित होने और वहां से उनकी आपूर्ति बाधित होते ही उनके दाम बढ़ने लगे हैं और पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था के समक्ष खतरा पैदा हो गया है। यह एक नई आर्थिक आपदा बन रहा है। तेल, गैस, उर्वरकों पर निर्भर तमाम भारतीय उद्योगों के समक्ष भी संकट गहराने लगा है। कुछ तो बंद होने की कगार पर हैं या फिर अपना उत्पादन कम करने को विवश हैं। खाड़ी देशों से तेल और गैस की सप्लाई रुक जाने से भारत समेत विश्व भर में महंगाई बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी पैदा होने का भी खतरा है। इस खतरे के लिए सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ही उत्तरदायी हैं, जिन्होंने अपनी जिद और अहंकार में नतीजों की परवाह किए बिना इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। खाड़ी के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने से देश में फिलहाल पेट्रोल और डीजल का संकट तो नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन रसोई गैस की किल्लत नजर आने लगी है। रेहड़ी वालों से लेकर रेस्त्रां और होटल तथा आम उपभोक्ता उसकी किल्लत बढ़ती देख रहे हैं।*



अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी करते हुए ईरान पर जो हमला किया, वह अमेरिकी कानूनों के हिसाब से भी अवैधानिक है। इस युद्ध के कारण विश्व में गैस और तेल का जो संकट पैदा गया है, उसके समाधान का कोई उपाय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पास नहीं दिखता। लगता है उन्होंने इस पर कोई विचार ही नहीं किया कि ईरान पर हमले और उसकी जवाबी कार्रवाई से पश्चिम एशिया से ऊर्जा आपूर्ति में जो बाधाएं खड़ी होंगी, उनसे कैसे निपटा जाएगा।

ईरान इजरायल के साथ खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैनिक अड्डों पर भी हमले कर रहा है और उसने होर्मुज समुद्री मार्ग को भी बाधित कर रखा है, जहां से 20-30 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। ईरान ने होर्मुज मार्ग बंद करने और इस चेतावनी के बाद कि दुनिया 200 डालर प्रति बैरल तक तेल खरीदने के लिए तैयार रहे, यह कहा कि यहां से निकलने वाले जहाजों को हमारी नौसेना को सूचित करना होगा, लेकिन जब तक इस मार्ग से गैस और तेल की आपूर्ति निर्बाध ढंग से नहीं होने लगती, तब तक ऊर्जा संकट के समाधान को लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता। चूंकि खाड़ी देश तेल-गैस की आपूर्ति होर्मुज से करते हैं, इसलिए वे ईरान के रवैये पर निर्भर हैं। स्वाभाविक रूप से भारत और चीन जैसे देशों को होर्मुज मार्ग बाधित होने से खासी परेशानी हो रही है, क्योंकि वे अपने ऊर्जा स्रोतों के लिए एक बड़ी हद तक खाड़ी के देशों पर आश्रित हैं। यह राहत की बात है कि भारतीय प्रधानमंत्री की ईरान के राष्ट्रपति और दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के बाद ईरान ने संकेत दिए कि वह भारत के जहाजों को होर्मुज से आने देगा। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत ने भी भारत को मित्र देश बताते हुए ऐसे ही सकारात्मक संकेत दिए और दो भारतीय जहाजों को इस जल मार्ग से आने की इजाजत मिल भी गई, लेकिन यह अभी साफ नहीं कि भविष्य में सभी भारतीय जहाज होर्मुज से बिना किसी परेशानी के गुजरते रह सकते हैं या नहीं? खाड़ी के देशों में तेल और गैस का उत्पादन प्रभावित होने और वहां से उनकी आपूर्ति बाधित होते ही उनके दाम बढ़ने लगे हैं और पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था के समक्ष खतरा पैदा हो गया है। यह एक नई आर्थिक आपदा बन रहा है।

तेल, गैस, उर्वरकों पर निर्भर तमाम भारतीय उद्योगों के समक्ष भी संकट गहराने लगा है। कुछ तो बंद होने की कगार पर हैं या फिर अपना उत्पादन कम करने को विवश हैं। खाड़ी देशों से तेल और गैस की सप्लाई रुक जाने से भारत समेत विश्व भर में महंगाई बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी पैदा होने का भी खतरा है। इस खतरे के लिए सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ही उत्तरदायी हैं, जिन्होंने अपनी जिद और अहंकार में नतीजों की परवाह किए बिना इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। खाड़ी के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने से देश में फिलहाल पेट्रोल और डीजल का संकट तो नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन रसोई गैस की किल्लत नजर आने लगी है। रेहड़ी वालों से लेकर रेस्त्रां और होटल तथा आम उपभोक्ता उसकी किल्लत बढ़ती देख रहे हैं। हालांकि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी दावा कर रहे हैं कि तेल एवं गैस की कमी नहीं है, लेकिन जमाखोरों, कालाबाजारियों के कारण गैस का संकट खड़ा होता दिख रहा है। मुनाफाखोर इस संकट को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं। चूंकि गैस संकट पैदा होने का खतरा पैदा हो गया है, इसलिए आम लोग भी चिंतित हैं। इसका ही नतीजा है कि कई स्थानों पर रसोई गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी लाइनें दिख रही हैं। इससे लोग और अधिक आशंकित हो रहे हैं। विपक्षी दल इस आशंका को और हवा दे रहे हैं। हालांकि सरकार ने गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है और हालात पर निगरानी के लिए एक समिति गठित कर दी है, पर अभी इन कदमों का सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। यह तब तक नहीं दिखेगा, जब तक राज्य सरकारें गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्ती नहीं बरततीं। यह अच्छा हुआ कि सरकार ने राज्यों को पीडीएस के तहत अतिरिक्त केरोसिन जारी करने का फैसला किया। ईरान पर और हमले की धमकियों के बीच अमेरिका ने भारत समेत अन्य देशों को रूस से तेल खरीदने पर अपनी आपत्ति हटा ली है। यह उसकी मजबूरी को ही दर्शाता है। भारत सरकार रूस से तेल खरीद बढ़ाने के साथ कुछ अन्य देशों से तेल-गैस खरीद के जतन कर रही है, पर जब तक ये सौदे हो नहीं जाते और तेल-गैस आपूर्ति का रास्ता साफ नहीं होता, तब तक राहत की सांस नहीं ली जा सकती। भारत उस वेनेजुएला से भी तेल खरीद रहा है, जहां बीते दिनों अमेरिका ने हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया था। निःसंदेह वेनेजुएला में तेल के सबसे अधिक भंडार हैं

# एआई के उपयोग से खरीदारी

*इस प्रकार, विजुअल सर्च एक और बड़ी क्रांति है। किसी दोस्त के घर टीवी सेटअप देखा और पसंद आया? उसकी फोटो खींचिए। एआई उस मॉडल की पहचान करता है, मिलते-जुलते विकल्प दिखाता है, कीमतों की तुलना करता है और यह भी बताता है कि आम तौर पर लोग उसके साथ और क्या खरीदते हैं। गुणवत्ता में निवेश : अब एक ज्यादा आत्मविश्वासी खरीदार सामने आ रहा है। अब ग्राहक केवल ब्रांड के नामों के भरोसे नहीं, बल्कि स्पेसिफिकेशंस की तुलना करके फैसले ले रहे हैं। गुणवत्ता में निवेश करने की इच्छा भारतीय उपभोक्ताओं में पिछले कुछ वर्षों से मौजूद रही है। आज इसके साथ सावधानी भी जुड़ गई है। केवल दिखावे के लिए फीचर्स और स्पेसिफिकेशन की भरमार अब काम नहीं करती। अनिश्चितता को कम करके एआई भारत के स्वभाव से ही सतर्क और मेहनती खरीदारों को प्रीमियम टेक्नोलाजी में*

पिछले कुछ वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) महज एक चर्चित शब्द नहीं रहा, बल्कि यह तकनीक से जुड़ी बातचीत का केंद्र बन गया है। हाल ही में आयोजित सीईएस (कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स शो) 2026 यह दिखाता है कि हम कितनी दूर तक पहुंच चुके हैं। अब एआई टीवी और लैपटाप से लेकर घरेलू उपकरणों तक हर श्रेणी का अहम हिस्सा बन चुका है और हर नए संस्करण के साथ ऐसी क्षमताएं सामने ला रहा है, जो रोजमर्रा के अनुभव को वास्तव में बेहतर बनाती हैं।

भारत में यह बदलाव एक दिलचस्प रूप ले चुका है। खरीदारी के फैसले लेते समय भारतीय ग्राहक हमेशा से सोच-समझकर और गहन रिसर्च करने वाले रहे हैं। अब एआई उनका रिसर्च पार्टनर बनता जा रहा है, जो जटिलताओं को आसान करता है, सही विकल्प सामने लाता है और आत्मविश्वास के साथ फैसलों की पुष्टि करता है। आज कोई व्यक्ति जब टीवी खरीदने जाता है, तो वह तकनीकी स्पेसिफिकेशंस की भीड़ में नहीं उलझता और न ही थकाने वाली सेल्स पिच सुनता है। इसके बजाय, वह एक एप पर कुछ आसान सवालों के जवाब देता है- कमरा कितना बड़ा है, आप मुख्य रूप से क्या देखते हैं, जगह कितनी रोशनी वाली है। एआई इन जानकारियों को तुरंत प्रोसेस करता है और हजारों विकल्पों में से केवल वही माडल छांट देता है जो उनकी जरूरतों के अनुरूप हों। एक वर्किंग प्रोफेशनल को ही ले लीजिए, जो अपना लैपटॉप अपग्रेड करना चाहता है। वह अपने उपयोग के बारे में बताता है- वीडियो एडिटिंग, क्लाइंट प्रेजेंटेशन, बार-बार यात्रा आदि। ऐसे में एआई स्पेसिफिकेशन का मिलान करने के साथ ही संदर्भ को भी समझता है। वह ऐसे लैपटॉप सुझाता है जो क्रिएटिव कार्यों के लिए अनुकूल हों, जिनकी बैटरी लाइफ बेहतरीन हो, वजन संतुलित हो और साथ ही वह संभावित समझौतों को भी साफ-साफ बताता है। इस प्रकार, विजुअल सर्च एक और बड़ी क्रांति है। किसी दोस्त के




घर टीवी सेटअप देखा और पसंद आया? उसकी फोटो खींचिए। एआई उस मॉडल की पहचान करता है, मिलते-जुलते विकल्प दिखाता है, कीमतों की तुलना करता है और यह भी बताता है कि आम तौर पर लोग उसके साथ और क्या खरीदते हैं। गुणवत्ता में निवेश : अब एक ज्यादा आत्मविश्वासी खरीदार सामने आ रहा है। अब ग्राहक केवल ब्रांड के नामों के भरोसे नहीं, बल्कि स्पेसिफिकेशंस की तुलना करके फैसले ले रहे हैं। गुणवत्ता में निवेश करने की इच्छा भारतीय उपभोक्ताओं में पिछले कुछ वर्षों से मौजूद रही है। आज इसके साथ सावधानी भी जुड़ गई है। केवल दिखावे के लिए फीचर्स और स्पेसिफिकेशन की भरमार अब काम नहीं करती। अनिश्चितता को कम करके एआई भारत के स्वभाव से ही सतर्क और मेहनती खरीदारों को प्रीमियम टेक्नोलाजी में ज्यादा भरोसे के साथ निवेश करने में मदद कर रहा है। शायद सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब एआई ग्राहक फीडबैक को कैसे समझता और प्रस्तुत करता है। पहले जहां खरीदारों को सैकड़ों रिव्यू स्क्राल करने पड़ते थे, वहीं अब हजारों असली यूजर अनुभवों से निकली एक साफ और समेकित जानकारी उन्हें एक नजर में मिल जाती है। इसे हेडफोन जैसे आम प्रोडक्ट के उदाहरण से समझा जा सकता है। कई रिव्यू में ग्राहक अक्सर साउंड क्वालिटी, बिल्ड क्वालिटी और नाइज कैंसिलेशन की तारीफ करते नजर आते हैं, तो बैटरी लाइफ का भी उसमें जिक्र होता है। वहीं 'वैल्यू फार मनी' को लेकर राय अलग-अलग होती है, जो अलग-अलग कीमतों पर ग्राहकों की अलग अपेक्षाओं को दर्शाती है। इस तरह पेश किए जाने पर रिव्यू शोर नहीं लगते। वे एक मार्गदर्शन बन जाते हैं, जो ग्राहकों को फैसला लेने से पहले प्रोडक्ट की खूबियां, सीमाएं और असल जिंदगी में उसका प्रदर्शन समझने में मदद करते हैं। आगे की राह : आने वाले समय में एआई केवल ग्राहकों को प्रोडक्ट खोजने में ही मदद नहीं करेगा

# मुनाफाखोरी की बीमारी

इस पर तनिक भी आश्चर्य नहीं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते ऊर्जा आपूर्ति का संकट उभरते ही देश में रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई। यद्यपि सरकार ने इसे रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया, पर लगता नहीं कि इससे जमाखोरों और मुनाफाखोरों के दुस्साहस में कोई कमी आई है। इसका प्रमाण यह है कि उनके खिलाफ छापेमारी के दौरान कई शहरों में रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले पकड़े गए। कई ने दर्जनों रसोई गैस सिलिंडर चोरी-छिपे जमा कर रखे थे। इनमें कुछ नेता और अन्य प्रभावशाली लोग भी हैं। इसी तरह उन



मुनाफाखोरों की गिनती करना भी कठिन है, जो महंगे दामों पर रसोई गैस सिलिंडर बेच रहे थे। ऐसे तत्वों की सक्रियता का एक कारण संबंधित अधिकारियों और पुलिस की मिलीभगत भी होती है। वे भी बहती गंगा में हाथ धोने लगते हैं और इस तरह आम जनता एवं सरकार का संकट बढ़ाते हैं। अपने देश में किसी भी संकट के समय आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी बहुत आम है। कोविड महामारी के समय जब सारा देश संकट में था, तब भी कुछ दवाओं के साथ कई आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी देखने को मिली थी। यह भी किसी से छिपा नहीं कि अपने यहां कभी प्याज, कभी उर्वरकों तो कभी किसी अन्य वस्तु की जमाखोरी होने लगती है। इसका मकसद मुनाफाखोरी करना ही होता है। ऐसा लगता है कि कुछ लोग सदैव इसकी ताक में रहते हैं कि कब किसी वस्तु के उत्पादन अथवा उसकी आपूर्ति में कमी के आसार दिखें तो वे खुद को जमाखोर में तब्दील कर मुनाफाखोरी करें। आपदा को अपना धंधा बनाने वाले ऐसे लोग सभ्य समाज के शत्रु ही कहे जाएंगे। चूंकि नैतिकता और सदाचार की कमी के चलते जमाखोरी और कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है, इसलिए आवश्यक केवल यह नहीं कि रसोई गैस सिलिंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी कर रहे लोगों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें कठोर दंड का भागीदार बनाया जाए। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ उन्हें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की सजा देने का प्रविधान है

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में सीताराम जी के मंदिर गढ़ परिसर में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल 2026 तक निजी गार्डन में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर संरक्षक पंडित ईश्वर दास शर्मा के सानिध्य एवं प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। साथ ही 2 अप्रैल को आयोजित होने वाली कलश यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा प्रातः 7:30 बजे सीताराम मंदिर, गढ़ स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए निजी गार्डन पहुंचेगी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान तपेंद्र सिंह राजावत अपनी धर्मपत्नी भाविका कंवर (दामाद व पुत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी) रहेंगे। बैठक के दौरान पदाधिकारियों में सी.एम. सैनी, सीताराम कुमावत, एम.के. अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में राजस्थान दिवस सप्ताह के अन्तर्गत 'राजस्थान को जानें' विषय पर डिजीटल/ऑफलाइन क्विज का पंजीकरण व शुभारंभ रविवार को किया गया। इसके साथ ही 'विकसित राजस्थान' विषय पर केन्द्रित निबन्ध, भाषण व चित्रकारी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ चन्द्र मोहन राजोरिया के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस प्रभारी भगवान सहाय शर्मा ने छात्राओं को राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका के विषय में जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को निबन्ध, भाषण और चित्रकारी के माध्यम से व्यक्त किया। छात्राओं ने 'विकसित राजस्थान' विषय पर शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में राजस्थान के इतिहास, संस्कृति और विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनमें रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर छात्रों को राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। अन्त में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ राजोरिया ने सभी प्रतिभागी छात्राओं की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में प्रयोगशाला सहायक प्रहलाद यादव सहित छात्राओं की सहभागिता रही।

## नेशनल हाईवे के 75 मीटर के दायरे में आ रहे होटल, दुकान, ढाबा और मकान मालिकों में मचा हड़कंप



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** राधास्वामी बाग चौमूं जाट हॉस्टल परिसर में नेशनल हाईवे के 75 मीटर का अधिग्रहण करने के लिए राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश के कारण नेशनल हाईवे के दोनों तरफ व्यवसायिक दुकान, ढाबा, होटल, भवन आदि को अतिक्रमण समझ कर हटाया जाएगा। इसके संदर्भ में स्थानीय क्षेत्र के प्रभावित नागरिकों की ओर से सभा का आयोजन किया गया। जिससे उनके मौलिक अधिकारों, जीवन व आजीविका का संरक्षण को सुरक्षित किया जा सके। उसके लिए समग्र प्रकार से विचार विमर्श किया गया है। आम सभा को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट कृष्ण सिंह जादौन ने बताया कि, उक्त आदेश में हाई कोर्ट ने यह नहीं देखा कि जैसे जयपुर जिले में जेडीए की सीमा है उसका मास्टर प्लान क्या है ?सेक्टर प्लान क्या है? और टाउन प्लान क्या है? तथा ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्र का प्लान क्या है? तथा उनकी सड़क की सीमा क्या है। इस प्रकार से सभी जगह अलग-अलग प्लान व नियम तथा कानून राज्य में स्थापित है। राजस्थान हाईकोर्ट का निर्देश प्राकृतिक न्याय के विपरीत व राज्य सरकार के कानून के विरुद्ध है। साथ ही हर जगह लोगों ने अपने मालिकाना हक की जमीन में दुकान, मकान, ढाबा, होटल आदि में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की हुई है और संपूर्ण राजस्थान में करोड़ों परिवारों की आजीविका का साधन है और वह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। इस आदेश के तहत करोड़ों परिवार अपनी संपत्ति से बेघर हो जाएंगे व बेरोजगारी फैल जाएगी व भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। अतः इस संबंध में हमें कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। भगवान सहाय भदाला ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया व संवैधानिक तरह से हमें विरोध करना चाहिए और महावीर शास्त्री ने कहा कि जन आंदोलन किया जाकर मौलिक अधिकारों व मानव अधिकारों को सुरक्षित किया जा सके। सभा में किसान नेता फूलचंद सोलेट, महेश कुमार सिंगोदिया, धन्नाराम, मुरलीधरबर्रा, रामेश्वर प्रसाद यादव, अर्जुन लाल यादव, विकास सैनी, हरि नारायण, डॉ. महेश यादव, रामचंद्र भोंमाका, घीसाराम सैनी, रामअवतार शर्मा, सैकड़ो संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर में माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च को रामनवमी के अबूझ सावे पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में होने वाले फिजूल खर्चों पर अंकुश लगता है और समाज के जरूरतमंद परिवारों को भी राहत मिलती है।



रामलाल शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है और युवाओं को सादगी से विवाह करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने माली समाज विकास समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर माली समाज विकास समिति के अध्यक्ष हीरालाल सैनी ने बताया कि समिति की ओर से इस वर्ष 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है और कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 27 जोड़ों का पंजीकरण किया जा चुका है।

सम्मेलन में सभी जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज और परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता को बढ़ावा देना और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। इस आयोजन से विवाह की परंपराओं को सरल बनाने के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों पर भी रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, महामंत्री मदनलाल मालेरिया, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर,पूर्व अध्यक्ष मदनलाल सतरावला, पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद सहाय अधोपिया, पूर्व अध्यक्ष मदनलाल जादम, सैनी विकास कर्मचारी संस्थान अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जयनारायण चंदेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष घीसालाल तंवर, पूर्व महामंत्री मदनलाल बागड़ी, उपाध्यक्ष गणेश बैनाडिया, डॉ. मान प्रकाश सैनी, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सैनी ईटावा, नंछूराम बिसनालिया, सुरेश तंवर, बीएल सैनी, ओम प्रकाश भगत, कैलाश चांदोलिया, प्रकाश राई, अर्पित सैनी, मोहन रोलावण सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहे।

## भवानी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के बिना रिफिल दिए ही आया डिलीवरी संदेश

जयपुर टाइम्स

**दूदू(निस)।** अमेरिका ईरान युद्ध की वजह से गैस एजेंसी संचालकों के बल्ले-बल्ले हो गई। बगरू स्थित भवानी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं ने गत 10 मार्च को रिफिल बुकिंग करवाई ओर अगले दिन खाली सिलेंडर लेकर अपनी रिफिल लेने के लिए नरैना रोड़ पर पहुंचे लेकिन उपभोक्ताओं को सिलेंडर की कमी का बहाना बनाकर टाल दिया। निराश उपभोक्ता के जब सांय रिफिल डिलीवरी का संदेश आया तो उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालक से बात करने की कौशिश की लेकिन गैस एजेंसी संचालक ने फोन नहीं उठाया। इस पर हताश व परेशान उपभोक्ता जयकिशन व कमल ने जयपुर ग्रामीण जिला रसद अधिकारी से बात करके उन्हें एजेंसी संचालक की करतूत बताई। जिस पर भवानी गैस एजेंसी ने गुरुवार व शुक्रवार को घर बैठे दोनों उपभोक्ताओं को बिना ओटीपी लिये ही रिफिल डिलीवरी कर दी। जब गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ता से बिना ओटीपी लिए स्वयं रिफिल ले सकता है तो उपभोक्ताओं को रिफिल देते समय ओटीपी देने के लिए बाध्य क्यों किया जाता है। जानकारी के अनुसार सरकार की ओर से व्यावसायिक सिलेंडर पर रोक लगा देने से गैस एजेंसी संचालकों की बल्ले-बल्ले हो गई ओर गैस एजेंसी संचालक भोले भाले ग्रामीणों के सिलेंडर स्वयं उठाकर उन्हें महंगे दामों में अन्य लोगों को देकर अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। उपभोक्ता लोकेश,रतन ने बताया कि उनके भी बिना ओटीपी दिये रिफिल डिलीवरी का संदेश आ गया जबकि उन्हें रिफिल मिली ही नहीं। मजेदार बात देखिए की जब रविवार को गैस की गाड़ी दूदू आई तो जिन उपभोक्ताओं की रिफिल गैस एजेंसी संचालक ने उठा ली, उन्हें एजेंसी कार्मिक युनुस ने सिलेंडर नहीं दिया। जबकि जिला रसद अधिकारी को शिकायत करने वाले दो उपभोक्ताओं को गुरुवार व शुक्रवार को गैस एजेंसी कार्मिक बगरू से मोटरसाइकिल पर रिफिल देने दूदू आ गए। रविवार को जब उन्होंने गैस एजेंसी में कार्यरत विक्रम नामक व्यक्ति को अनेक बार फोन किए लेकिन विक्रम ने फोन ही नहीं उठाया। गैस एजेंसी कार्मिकों की मनमानी से प्रतीत होता है कि इन लापरवाह कार्मिकों पर एजेंसी संचालक का नियंत्रण नहीं है अथवा उन्हें एजेंसी संचालक का संरक्षण प्राप्त है।

### इनका कहना है:

ईओ को कल संबंधित गैस एजेंसी पर जाकर जांच करने के लिए कहा है।

**संघमित्रा बरड़िया, रसद अधिकारी, जयपुर जिला ग्रामीण**

## मेजर जनरल तमोजीत बिस्वास ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर का किया वार्षिक तकनीकी निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर का ऐतिहासिक परिसर 14 मार्च को उस समय गौरवपूर्ण माहौल से भर उठा, जब मेजर जनरल तमोजीत बिस्वास (एडीजी एई, एचओएस एवं कर्नल कमांडेंट एईसी) ने संस्थान का वार्षिक तकनीकी निरीक्षण किया। विद्यालय के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) अमित शर्मा, वीएसएम ने शिक्षकों, स्टाफ और कैडेटों के साथ उनका स्वागत किया। दिन की शुरुआत प्रातःकालीन सभा से हुई, जहां मेजर जनरल बिस्वास ने कैडेटों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अनुशासन, आत्मप्रेरणा और समय के सदुपयोग जैसे मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये गुण न केवल सैन्य सेवा बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की आधारशिला हैं। इसके बाद आयोजित ब्रीफिंग सत्र में प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) अमित शर्मा ने विद्यालय की हाल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें यूपीएससी एनडीए की तैयारी के लिए विशेष मॉड्यूल शुरू करने का प्रस्ताव भी शामिल है, जिसे शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ जोड़ा जाएगा। मेजर जनरल बिस्वास ने पूर्व छात्रों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने और उनके अनुभवों का लाभ लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया। दौरे के दौरान Kesarian Georgian Association Dholpur (पूर्व छात्र संघ) के प्रतिनिधियों ने भी मेजर जनरल से संवाद किया और संस्थान के विकास में सहयोग जारी रखने का भरोसा दिलाया।

मेजर जनरल बिस्वास ने विद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए कैडेट हाउस, प्रशिक्षण मैदान और शूटिंग रेंज सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय की स्मार्ट कक्षाओं, आधुनिक पुस्तकालय और सुसज्जित भौतिकी प्रयोगशाला की सराहना करते हुए यहां के शैक्षणिक वातावरण को उत्कृष्ट बताया।

## उपभोक्ता अधिकार दिवस पर संगोष्ठी, एडीएम बोलेः वस्तुओं को परखकर ही खरीदें

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में 'सुरक्षित उत्पाद, स्वस्थ उपभोक्ता' थीम पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा ने की। संगोष्ठी में उपभोक्ता अधिकारों, टिकाऊ जीवनशैली और उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। इस दौरान एडीएम हरिराम मीणा ने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी वस्तु को खरीदते समय देखकर, परखकर, चखकर और सूंघकर बिना किसी लोभ-लालच के ही खरीदना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल दिखावे या प्रतिस्पर्धा में आकर अनावश्यक वस्तुएं खरीदने से बचना चाहिए। उन्होंने लोगों को ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से घबराने के बजाय तुरंत शिकायत करनी चाहिए तथा किसी भी अनाधिकृत या संदिग्ध लिंक को खोलने या साझा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार से सामान लेते समय दुकानदार से मोलभाव करना चाहिए और अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से कम कीमत पर सामान खरीदने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही कोल्ड ड्रिंक्स या अन्य उत्पादों का उपयोग करने से पहले उसमें मौजूद अवयवों की जानकारी अवश्य देखनी चाहिए। इस अवसर पर राजकीय पीजी कॉलेज की पूर्व प्रोफेसर डॉ. नीलम सिंह ने कहा कि हर वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है और वर्तमान में उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि कोई कंपनी गलत जानकारी देकर उपभोक्ताओं को गुमराह करती है तो उसके खिलाफ सजा और जुर्माने का प्रावधान है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रांत महिला प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि सामान खरीदते समय ब्रांड, मार्का और गुणवत्ता चिह्नों को देखकर ही उत्पाद लेना चाहिए। उपभोक्ताओं को सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, उचित मूल्य का अधिकार, चयन का अधिकार और शिकायत करने का अधिकार प्राप्त है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष बलबीर सिंह राणा ने कहा कि वर्तमान में खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या बढ़ रही है। इसके लिए सरकार की ओर से मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से दूध, मावा और पनीर जैसे उत्पादों को सावधानीपूर्वक खरीदने की अपील की। ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधि भगवतीप्रसाद शर्मा ने उपभोक्ता संरक्षण में ग्राहक पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता बढ़ाने के लिए इन संगठनों को मजबूत करना जरूरी है। वहीं सामाजिक विकास फाउंडेशन के राकेश कुमार परमार ने कहा कि उपभोक्ताओं को उत्पाद खरीदते समय भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के मानकों और एगमार्क चिन्ह को देखकर ही वस्तुएं खरीदनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राहक पंचायत के सदस्य और उपभोक्ता मौजूद रहे।

## सुमेरपुर ने लिया प्लास्टिक मुक्त शहर का संकल्पः स्वच्छता सप्ताह में गूंजी 3R की गूंज

### राजस्थान दिवस पर नगरपालिका का जागरूकता अभियान

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुमेरपुर नगर पालिका की ओर से स्वच्छता सप्ताह के तहत रविवार को शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराते हुए प्लास्टिक मुक्त सुमेरपुर बनाने का आह्वान किया गया। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शहरवासियों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को 3R नियम—रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि कचरे की मात्रा कम हो और पर्यावरण सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक कचरे को उपयोगी बनाने की अवधारणा 'वेस्ट टू आर्ट' के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक कचरे का रचनात्मक उपयोग कर इसे सजावटी और उपयोगी वस्तुओं में बदला जा सकता है, जिससे कचरे का बोझ भी कम होगा और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर शहरवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही सभी नागरिकों से सुमेरपुर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। स्वच्छता जागरूकता अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता जितेन्द्र मुरारी, सामुदायिक संगठक भरत राठौड़, सोहन माली, गोकुल मीणा, रमेश कुमार सहित नगर पालिका के अन्य कार्मिक मौजूद रहे और उन्होंने भी शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## शबे कद्र की 27वीं रात आज, मस्जिदों में पूरी रात इबादत करेंगे मोमीन

**मण्डावा(निस)।** मुस्लिम समाज की ओर से रमजान उल मुबारक की 27 वी रात शबे कद्र की रात सोमवार को अकीदत के साथ मनाई जाएगी। जुम्मा मस्जिद के सदर हाजी आमीन छोटू मौम व अबूब्रक मस्जिद के सदर हाजी एफजे खत्री ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी मस्जिदों को विशेष रूप से सजावट कर रंगीन रोशनी से सजाया गया है। मुस्लिम समाज द्वारा इस इबादत की रात को बड़ी अकीदत ओर संजीदगी से मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कई मस्जिदों में नात ख्वानी, तकरीर तिलावते कुरान कर मोमीन इबादत करेंगे। वहीं घरो में महिलाओं की ओर से मिलाद नात ख्वानी कुरान पढ़ नफिल नमाज अदा कर इबादत की जाएगी। मस्जिदों में नात ख्वानी के कार्यक्रम होंगे, जिसमें इमामों की ओर से नातिया कलाम पेश किया जाएगा। मोमिनों की ओर से नफिल नमाज अदा कर व तिलावते कुरान पढ़ कर के शबे कद्र की रात को इबादत की जाएगी। रात भर इबादत में गुजारने के बाद अल सुबह फज्र की नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली व अल्लाह की बारगाह में दामन फैला कर बारिश के लिए विशेष रूप से दुआएं मांगी जाएगी। अंत में सलातो सलाम का नजराना पेश किया जाएगा।

# समाज के दबे कुचले तबकों तक विद्या भारती संस्थान शिक्षा पहुँचा रहाः योगी आदित्यनाथ

### जालोर के सिरे मंदिर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम प्रारम्भ

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को जालोर नगर स्तिथ सिरे मंदिर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में भाग लेने के लिए पहुँचे। गोरखपुर के पीठाधीश्वर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिरे मंदिर रोड स्थित श्री शांतिनाथ बालिका आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के विद्यालय भवन का अवलोकन किया और विद्यालय परिसर में अशोक वृक्ष का पौधारोपण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत राष्ट्र वीर-



वीरंगनाओं की भूमि हैं तथा देश की अखंडता, एकता को बनाएं रखने के लिए इन वीर-वीरंगनाओं ने अपने जीवन का बलिदान दिया हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर प्रगतिरत हैं। उन्होंने कहा कि जालोर योगी जलन्धरनाथजी की धरा है। मैं पीर शान्तिनाथ की धरा को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। सांस्कृतिक संगठन के संरक्षण को लेकर शैक्षणिक संस्थान विद्या भारती संचालन कर रहा है। समाज के दबे कुचले तबको तक विद्या भारती संस्थान शिक्षा पहुँचा रहा है। राष्ट्रवादी शिक्षा व संस्कार से योग्य नागरिक का निर्माण होता है। केन्द्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि जालोर की धरती जौहर व्रत की साक्षी रही है। वीर वीरमदेव ने अलाउद्दीन खिलजी के प्रलोभनों को ठुकराकर उसके प्रयासों को विफल करते हुए धर्म व संस्कृति व राष्ट्रीयता के लिए युद्ध को अंगीकार किया था। अलवर विधायक योगी बालकनाथ ने पीर शान्तिनाथ की पुण्य धरा को नमन करते हुए कहा कि पीर शांतिनाथ का आशीर्वाद सौभाग्यशाली लोगों को ही मिलता है। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, अलवर विधायक योगी बालकनाथ, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जसराज राजपुरोहित, महंत प्रेमनाथ, महंत आनन्दनाथ, महंत रेवतीनाथ, महंत शेरनाथ, श्याम सुन्दर, जगदीश, गणपतसिंह बगेड़िया, प्रधानाचार्य मंजु परमार, नीतिश ठाकुर सहित नागरिक व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय गुप्ता ने किया। विद्यालय परिसर से पैदल मार्ग से रवाना होने के उपरांत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिरे मंदिर तलहटी पहुँचे जहाँ उन्होंने ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथ महाराज की प्रतिमा के समक्ष अपनी आस्था प्रकट की और सीढ़ियाँ चढ़कर सिरे मंदिर धाम पहुँचे जहाँ उन्होंने देवी-देवताओं व पीर शांतिनाथ महाराज की समाधि के दर्शन कर पीर गंगानाथ महाराज से भेंट की और देश में खुशहाली व शांति की कामना की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मार्च को प्रातः 6.30 बजे से श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर महायज्ञ की पूर्णाहुति देंगे। इसके बाद सिरे मंदिर धाम स्थित कन्यागिरी प्रागंण में प्रातरू 10 बजे विशाल धर्म सभा को सम्बोधित करेंगे। धर्म सभा के समापन के बाद प्रातः 11.50 बजे पुनः हैलीपेड पहुंचेगे। जहाँ से हैलीकाप्टर से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा वहा से उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगे।

# खैरथल-तिजारा जिले की बड़ी उपलब्धिः में एनक्यूएएस राज्य में तीसरा स्थान, 7 स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निस)।** जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (हृन्न्) के अंतर्गत जिले की 39 स्वास्थ्य संस्थाओं को राज्य स्तर पर तथा 7 स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के स्वास्थ्य तंत्र के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व जिले की किसी भी स्वास्थ्य संस्था को राष्ट्रीय स्तर का एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त नहीं हुआ था।

डॉ. गेट ने बताया कि एनक्यूएएस भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित, स्वच्छ और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाता है।

**सात प्रमुख मानकों पर होता है मूल्यांकन**

इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संस्थान ऑनलाइन चेकलिस्ट के माध्यम से सात प्रमुख गुणवत्ता मानकों पर स्वयं मूल्यांकन करते हैं। इनमें गर्भावस्था एवं प्रसव देखभाल, नवजात, शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, औषधि एवं जांच सेवाएं, परिवार कल्याण सेवाएं, संक्रामक रोगों का प्रबंधन, गैर-संक्रामक रोगों का प्रबंधन तथा मरीज सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा गुणवत्ता शामिल हैं। इसके बाद जिला स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन, राज्य स्तरीय निरीक्षण तथा अंत में राष्ट्रीय स्तर की टीम द्वारा विस्तृत जांच के बाद प्रमाणन प्रदान किया जाता है।

**जिले की 39 संस्थाओं ने हासिल किए 70' से अधिक अंक**

जिले की 39 स्वास्थ्य संस्थाओं ने 70' से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें से 7 संस्थानों ने राष्ट्रीय स्तर की कड़ी जांच प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए हृन्न् प्रमाणन प्राप्त किया। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत व्यवस्था को दर्शाती है।

**इन स्वास्थ्य संस्थानों को मिला हृन्न् प्रमाणन**

प्रमाणित संस्थानों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारोली (तिजारा) - 88.48 प्रतिशत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाटबहरोड़ (मुंडावर) - 86.79', उप स्वास्थ्य केंद्र तिनूरीडी (मुंडावर) - 91.08', उप स्वास्थ्य केंद्र जाजौर (किशनगढ़बास) - 94.49', उप स्वास्थ्य केंद्र ढाकोपुर (कोटकासिम) - 82.86', उप स्वास्थ्य केंद्र कमालपुर (तिजारा) - 85.60' तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बुरेडा (तिजारा) - 86.10' शामिल हैं।

**आमजन को मिलेगा सीधा लाभ**

हृन्न् प्रमाणन का सीधा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। इससे मरीजों को स्वच्छ, सुरक्षित और समयबद्ध उपचार उपलब्ध होगा, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी तथा दवाओं और जांच सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही मरीजों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।

**स्वास्थ्य संस्थानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

हृन्न् प्रमाणन प्राप्त करने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष 3 लाख रुपये तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों को तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष 1.26 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, उपकरणों की उपलब्धता और मरीज सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क, निरंतर मॉनिटरिंग और गुणवत्ता के प्रति दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने नोडल अधिकारी डॉ. रुपेश चौधरी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (पीडीसी) सहित जिले के सभी चिकित्सा, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के योगदान की सराहना की।

उन्होंने बताया कि भविष्य में जिले की शेष स्वास्थ्य संस्थाओं को भी राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रमाणन दिलाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे, ताकि खैरथल-तिजारा जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो सके।

## चूरू में शेखावाटी सिटी गेटेड टाउनशिप का शुभारंभ

हरियाली व स्वच्छता पर आधारित जिले की पहली कॉलोनी : राठौड़



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के सरदारशहर रोड स्थित शेखावाटी सिटी गेटेड टाउनशिप में शनिवार देर शाम प्रवेश द्वार, मैनेजमेंट ऑफिस, पिकलबॉल कोर्ट व सेल्फी प्वाइंट का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ रहे, जबकि विधायक हरलाल सहारण विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता तथा हनुमानगढ़ नगर परिषद के पूर्व सभापति राजकुमार हिसारिया भी मंचस्थ अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शेखावाटी सिटी के संचालक गौरीशंकर मंडावेवाला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि लगभग एक वर्ष की अवधि में विकसित यह सोसाइटी चूरू जिले की पहली रेरा स्वीकृत गेटेड टाउनशिप है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी को पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जिसमें रिचार्ज वेल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा सड़कों के पानी को जमीन में पहुंचाने की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कॉलोनी में चार लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड सीवरेज टैंक और दो लाख लीटर क्षमता का हेड टैंक भी बनाया गया है तथा मैनेजमेंट ऑफिस का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। इस दौरान प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा ने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए कॉलोनी में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं और सुव्यवस्थित योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि यह जिले की पहली ऐसी स्वीकृत कॉलोनी है, जहां विकासकर्ता ने हरियाली, स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवनशैली को केंद्र में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से विकास किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की आधुनिक आवासीय परियोजनाएं शहर के सुनियोजित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कॉलोनी में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां बनाया गया आधुनिक मंदिर और अन्य सुविधाएं कॉलोनीवासियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगी। वहीं भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि यह पूर्ण सुविधायुक्त कॉलोनी न केवल चूरू बल्कि पूरे बीकानेर संभाग के लिए एक आधुनिक और सुव्यवस्थित आवासीय परियोजना के रूप में विकसित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वेणुगोपाल अग्रवाल, शेरू गोयनका, संजय, राकेश थालौड़ सहित शहर के कई नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंकित बाजोरिया और सावन परिहार ने सहयोगी भूमिका निभाई, जबकि संचालन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया।

## रोड सेफ्टी में उत्कृष्ट कार्य पर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार को 'महाराजा रत्न 2026' अवार्ड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** महाराजा कॉलेज के पूर्व छात्रों का भव्य मिलन समारोह 'महाराजा महासमागम 2026' शनिवार को मानसरोवर स्थित प्रधान वाटिका में आयोजित किया गया।



महाराजा कॉलेज बड़ीज समिति के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से कॉलेज के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता (रोड सेफ्टी अवेयरनेस) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान के लिए इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार को 'महाराजा रत्न 2026' अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. योगेश अग्रवाल को 'महाराजा विभूषण 2026' अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रणवेन्द्र शर्मा ने दोनों को अवार्ड प्रदान कर माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में वक्ताओं ने इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार के सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए जागरूकता अभियानों और समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार वर्ष 1991 में महाराजा कॉलेज से बीएससी (गणित) विषय में उत्तीर्ण हुए थे और तब से विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समाज सेवा व जनजागरूकता से जुड़े कार्यों में योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. ललित सांचौरा ने किया। वहीं आयोजन संयोजक अवनीश पंवार और समन्वयक कंवर सेन यादव ने व्यवस्थाओं का संचालन संभाला। इस अवसर पर समिति के सचिव राकेश फोगाट, महासचिव सुनील भारद्वाज तथा अध्यक्ष पवन भगत ने सभी पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से आपसी संबंधों को मजबूत करने की बात कही ।

## विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, इतिहास व परंपराओं को जानने के लिए किया प्रेरित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में 'राजस्थान दिवस सप्ताह 'के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ जल महोत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई की ओर से रविवार को महाविद्यालय परिसर में तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में राजस्थान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, इतिहास व परंपराओं को जानने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल हमारे जीवन का अमूल्य आधार है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। शिविर का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों की ओर से महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कर एकत्रित कचरे का उचित निस्तारण किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। द्वितीय सत्र बौद्धिक व रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया।

## जयपुर प्रवास में कांग्रेस नेताओं से मिले अभिषेक यादव, संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय युवा नेता व जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर के महासचिव अभिषेक यादव ने जयपुर प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और शाहपुरा विधायक मनीष यादव से भेंट की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात के दौरान प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने के मुद्दों पर चर्चा हुई। अभिषेक यादव ने गहलोत के दीर्घ राजनीतिक अनुभव और मार्गदर्शन को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी बताया।

इस दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी रणनीतियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अभिषेक यादव ने एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

अभिषेक यादव ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में अभिषेक यादव एक सक्रिय युवा चेहरे के रूप में तेजी से उभर रहे हैं। जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता और युवाओं के साथ मजबूत संवाद के कारण क्षेत्र में उनकी पहचान लगातार मजबूत होती जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में क्षेत्र की राजनीति में उनकी भूमिका और प्रभाव बढ़ सकता है।

## भक्ति से सराबोर होगा सुमेरपुरः महावीर हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को धूमधाम से मनेगा जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन महावीर हनुमान मंदिर में आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, आस्था और भक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर रविवार को जोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में मंदिर समिति, हनुमान जन्मोत्सव समिति और मुख्य बाजार के व्यापारियों ने भाग लेकर आयोजन को भव्य बनाने की रणनीति तय की और विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में तय किया गया कि हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड पाठ समिति सिरोही के तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। भक्ति गीतों और राम-हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब जाएगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। जन्मोत्सव के दिन 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल महाप्रसादी का आयोजन होगा। परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं के लिए रोट, करीब डेढ़ सौ किलो लापसी और चने का प्रसाद तैयार कर भक्तों में वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे और पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रहेगी।

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मुख्य बाजार के व्यापारियों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आयोजन को सफल और अनुशासित बनाने के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में जोधेश्वर महादेव मंदिर अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश मेवाड़ा, प्रकाश अग्रवाल मयूर, विनोद अग्रवाल एसके, दिलीप अग्रवाल, महेश अग्रवाल, प्रभु देवड़ा, चत्रभुज शर्मा, अमृत सोनी, सुरेश वैष्णव सहित हनुमान जन्मोत्सव समिति व मंदिर से जुड़े कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर में कांग्रेस सेवादल का सदस्यता अभियान तेज करने का बिगुल, बैठक में जुटे कार्यकर्ता

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के निर्देश पर देशभर में चल रहे ऑनलाइन सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सुमेरपुर में रविवार को कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। स्थानीय लालजी महाराज मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक में सुमेरपुर विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष मोहन हटेंला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और ऑनलाइन सदस्यता अभियान को तेज करने का आह्वान किया। इस मौके पर हरिशंकर मेवाड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार समाधान देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का काम करें, ताकि आमजन की आवाज को मजबूती मिल सके। वहीं प्रदेश कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष मोहन हटेंला ने कहा कि कांग्रेस सेवादल संगठन की रीढ़ है और इसकी मजबूती से ही पार्टी को जमीनी स्तर पर ताकत मिलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहते हुए अधिक से अधिक नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक के दौरान 50 से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन सदस्यता अभियान से जोड़ा गया तथा सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा, सेवादल जिला उपाध्यक्ष भूपेश मेवाड़ा, सुमेरपुर विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण कुमार मेघवाल, गोविंद राठौड़, युवा नेता मानसिंह, नरेश कुमावत, लालाराम, रमेश मेघवाल, चुन्नीलाल, सोहन चौधरी, रणजीत सरगरा, भीमाराम परमार, बगदाराम वादी सहित सेवादल के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नंदेश्वर जोशी ने किया।

## गैस संकट के बीच इलेक्ट्रिक रसोई का दौर शुरू; इंडक्शन चूल्हों की मांग में जबरदस्त उछाल

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** अंतरराष्ट्रीय हालातों में बने युद्ध जैसे माहौल का असर अब आम लोगों की रसोई तक दिखाई देने लगा है। रसोई गैस की सप्लाई प्रभावित होने से बाजार में सिलेंडरों की किल्लत बढ़ती जा रही है। लेकिन इस संकट के बीच एक नया ट्रेंड तेजी से उभर रहा है– इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हे अब गैस के विकल्प के तौर पर लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मण्डावा उपखण्ड मुख्यालय सहित अंचल में इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों में इन दिनों इंडक्शन स्टोव की बिक्री अचानक बढ़ गई है। विक्रेता विकास देवड़ा का कहना है कि सामान्य दिनों की तुलना में पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग दोगुनी तक हो गई है। कई शोरूम में तो लोकप्रिय मॉडल का स्टॉक खत्म होने की नौबत आ गई है। गैस सिलेंडरों की उपलब्धता कम होने और कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण लोगों ने अपनी रसोई की आदतों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। पहले जहां गैस चूल्हा ही हर घर और होटल की रसोई का आधार होता था, वहीं अब कई परिवार और छोटे व्यवसाय इलेक्ट्रिक इंडक्शन को बैकअप के बजाय मुख्य विकल्प के रूप में अपनाने लगे हैं। अंचल के कई होटलों और भोजनालयों में तो गैस बचाने के लिए तवा रोटी (चपाती) बनाना बंद कर दिया गया है। कई ढाबों पर नोटिस लगाकर ग्राहकों से तवा रोटी की मांग नहीं करने की अपील भी की जा रही है। होटल संचालकों का कहना है कि सीमित गैस में दाल, सब्जी और अन्य जरूरी पकवान बनाना ही मुश्किल हो रहा है, ऐसे में रोटी जैसी ज्यादा गैस खपत वाली चीजें बनाना फिलहाल संभव नहीं है। मण्डावा के इलेक्ट्रॉनिक्स प्रतिष्ठानों में इन दिनों अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। सामान्य दिनों में जहां इंडक्शन चूल्हों की बिक्री सीमित रहती थी, वहीं अब ग्राहक बड़ी संख्या में इन्हें खरीदने पहुंच रहे हैं। दुकानदार विकास देवड़ा के मुताबिक, कई ग्राहक ऐसे भी हैं जो पहले कभी इंडक्शन का इस्तेमाल नहीं करते थे, लेकिन गैस संकट की आशंका को देखते हुए अब इसे घर में अतिरिक्त विकल्प के तौर पर खरीद रहे हैं। विकास देवडा ने बताया कि पिछले सप्ताह की तुलना में इस सप्ताह इंडक्शन स्टोव की बिक्री में करीब 60-70 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। खासकर मध्यम वर्गीय परिवार इसे तेजी से अपना रहे हैं क्योंकि इसकी कीमत भी अपेक्षाकृत किफायती है ।

## बजट की कमी से तगावली एसटीपी अपग्रेडेशन अटका, 66 कॉलोनियों में बढ़ी सीवर समस्या

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर के तगावली स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का अपग्रेडेशन कार्य बजट की कमी के कारण बीच में ही अटक गया है। प्लांट का सिविल निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन आवश्यक उपकरण नहीं लग पाने से मैकेनिकल कार्य शुरू नहीं हो पाया। इसके चलते धौलपुर शहर की करीब 66 कॉलोनियों के लोगों को सीवर की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार धौलपुर शहर में दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं–एक तगावली में और दूसरा सागरपाड़ा में। अपग्रेडेशन कार्य के चलते तगावली एसटीपी पूरी तरह बंद है। ऐसे में पूरे शहर का भार सागरपाड़ा एसटीपी पर आ गया है, जहां प्रतिदिन करीब 2.5 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) सीवर के पानी का ही उपचार हो पा रहा है। शेष सीवर का पानी रेलवे स्टेशन के पास जमा हो रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बदबू और गंदगी फैल रही है और बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

नगर परिषद की सीवर लाइन सफाई व्यवस्था पहले से ही कमजोर बताई जा रही है। ऐसे में आने वाले बरसात के मौसम को लेकर लोगों की चिंता और बढ़ गई है। बरसात के दौरान अक्सर सीवर लाइनें उफान मारने लगती हैं और गंदा पानी कॉलोनियों में भर जाता है। इससे गली-मोहल्लों में बदबू फैलने के साथ डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को भी इस स्थिति में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद ने तगावली स्थित पुराने 10 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी को अपग्रेड कर कुल क्षमता 18 एमएलडी करने की योजना बनाई थी। योजना के तहत पुराने प्लांट को आधुनिक सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एसबीआर) तकनीक में बदला जाना है, जिसमें उसकी क्षमता 10 एमएलडी से घटाकर 8 एमएलडी की जाएगी। इसके साथ ही 10 एमएलडी क्षमता का नया एसटीपी प्लांट भी बनाया जाना प्रस्तावित है।

परियोजना के तहत ठेकेदार फर्म को मार्च 2026 तक कार्य पूरा करने और अगले 10 वर्षों तक रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई है। फर्म ने प्लांट का सिविल निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, जिसके बदले करीब 4 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। हालांकि मैकेनिकल कार्य के लिए जरूरी उपकरण जैसे डिकेंटर, डिफ्यूजर, ब्लोअर पैनल और सेंट्रीफ्यूज स्लज मशीनें मंगवाई जा चुकी हैं, लेकिन भुगतान अटकने के कारण इन्हें अभी तक स्थापित नहीं किया गया है और वे पैक अवस्था में ही पड़ी हैं।

धौलपुर नगर परिषद के एक्सईएन गुमान सिंह ने बताया कि भुगतान में देरी के कारण कार्य प्रभावित हुआ है।

## रन फॉर विकसित राजस्थान को जिला कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान दिवस समारोह-2026 के अंतर्गत रविवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। नगर परिषद मेला ग्राउण्ड से दौड़ को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ का शुभारंभ प्रातः 7.30 बजे नगर परिषद से मचकुण्ड धाम में हुआ। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से खेल विभाग सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कार्मिक, बीएसएफ जवान, एनसीसी एवं स्काउट के सदस्य, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा नागरिक उपस्थित रहे।

## डीआईजी अजय सिंह ने सैंपऊ वृत्त कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण

### पुलिस व्यवस्था व रिकॉर्ड का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उप महानिरीक्षक सुरक्षा, राजस्थान अजय सिंह (आईपीएस) ने अपने धौलपुर दौरे के दूसरे और अंतिम दिन सोमवार को वृत्त कार्यालय धौलपुर ग्रामीण (सैंपऊ) का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी अजय सिंह ने पुलिस व्यवस्था, साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण और कार्यालय की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्षिक निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली, पारदर्शी और जनहितैषी बनाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा वृत्ताधिकारी धौलपुर ग्रामीण (सैंपऊ) सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य मनोनीत होने पर दलित भाजपा नेता ओमप्रकाश कोली के नेतृत्व में सर्व समाज के व्यक्तियों ने डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह के निज निवास पर जाकर भव्य स्वागत साफ़ा एवं फूलमाला पहना कर किया गया। इस अवसर पर डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह ने सर्व समाज के व्यक्तियों को कहा कि मै सर्व समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा। मेरे घर के दरवाजे सर्व समाज के व्यक्तियों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। धौलपुर में व्याप्त हर समस्या समाधान के लिए जिला प्रशासन व भजनलाल शर्मा सरकार से मिलकर हर समस्या समाधान के लिए प्रयास करूंगा और भविष्य में प्रयास करता रहूंगा। साथ ही सर्व समाज की ओर से जो मुझे सम्मान दिया गया है उसके लिए मैं बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हु। इस अवसर पर ओम प्रकाश कोली, महेन्द्र सिंह कोली, मुकेश बघेला, ज्ञान प्रकाश माहौर, पंकज सिंह राणा, पूर्व पार्षद महेश चन्द्र कोली, महावीर गर्ग, लक्ष्मण सिंह कोली, पप्पू सिंह माहौर, दिग्विजय सिंह राजावत,माधोसिंह, आदित्य सिंह तोमर, नवल सिंह त्यागी, मुकेश श्रीवास्तव, खेमराज कोली, दुर्गेश श्रीवास्तव, राजकुमार शर्मा, मुकेश जाटव, नीकेश सक्सेना,शिवम बघेला, कप्तान सिंह जाटव, गोपाल सक्सेना, दिलीप सिंह मीणा, सोनू कुशवाह, लक्ष्मण माथुर, सुनील कुमार सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर चर्चा


जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल फुलेरा की एक आवश्यक बैठक मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल के सानिध्य में पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 मार्च को आयोजित होने वाले दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल ने बताया कि 22 मार्च को श्री अग्रवाल धर्मशाला में 24 घंटे का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

### सुमेरपुर की सियासत में ओबीसी शक्ति का उदय

# कुमावत-माली समाज के युवा चेहरों से 2028 की नई राजनीतिक दिशा तय होने के संकेत











## भाजपा में उभर रहे पांच युवा चेहरे बने चर्चा का केंद्र

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** 2028 के विधानसभा चुनाव को लेकर सुमेरपुर की राजनीति में अभी से हलचल तेज हो गई है। क्षेत्र का सामाजिक और राजनीतिक गणित साफ संकेत देता है कि यहां ओबीसी समाज की भूमिका हमेशा से निर्णायक रही है। पिछले चुनावी इतिहास पर नजर डालें तो यह भी स्पष्ट होता है कि ओबीसी समाज से आने वाले मजबूत और जमीनी नेतृत्व को ही जनता ने लगातार समर्थन दिया है। ऐसे में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों, खासकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर भी सामाजिक संतुलन और मजबूत स्थानीय चेहरों को लेकर मंथन शुरू हो गया है।

### कुमावत और माली समाज की निर्णायक भूमिका:

सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में कुमावत, माली, घांची सहित कई ओबीसी समाजों की अच्छी संख्या है, लेकिन कुमावत और माली समाज की सामाजिक सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक जागरूकता विशेष रूप से प्रभावशाली मानी जाती है। यही वजह है कि इन दोनों समाजों से उभर रहे युवा चेहरे इन दिनों राजनीतिक गलियारों में चर्चा के केंद्र बने हुए हैं। कुमावत समाज से नारायण कुमावत, भावेश कुमावत और एडवोकेट दिनेश कुमावत के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। एडवोकेट दिनेश कुमावत प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के पुत्र हैं और सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं नारायण कुमावत भाजपा संगठन में उपाध्यक्ष और महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। भावेश कुमावत अपेक्षाकृत नया लेकिन तेजी से उभरता हुआ चेहरा माने जा रहे हैं। प्रवासी युवाओं को जोड़ने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता के कारण उनकी पहचान तेजी से मजबूत हो रही है। युवा वर्ग में उनकी पहुंच और सोशल नेटवर्किंग की प्रभावी भूमिका उन्हें अलग पहचान दिला रही है।

### माली समाज से भी मजबूत दावेदारी:

माली समाज की ओर से धीरज सांखला और दीपक भाटी के नाम भी लगातार चर्चा में हैं। दोनों ही युवा चेहरे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से जुड़े माने जाते हैं और लंबे समय से संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सामाजिक कार्यों में निरंतर भागीदारी और अनुशासित संगठनात्मक कार्यशैली के कारण माली समाज में इनकी अच्छी स्वीकार्यता बताई जा रही है।

### भाजपा के पांच सितारे बने चर्चा का केंद्र:

स्थानीय राजनीतिक हलकों में इन पांचों युवा चेहरों को भाजपा के 'पांच सितारे' के रूप में भी देखा जा रहा है। कारण यह बताया जा रहा है कि क्षेत्र में आयोजित छोटे-बड़े सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में ये सभी चेहरे सक्रिय रूप से उपस्थित रहते हैं। जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने के कारण इनकी छवि जमीनी और कार्यकर्ता-आधारित नेताओं के रूप में बनती जा रही है।

### 36 कौम में बढ़ती स्वीकार्यता:

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन नेताओं की पकड़ केवल अपने समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र की 36 कौम में भी उनकी अच्छी पहचान बनती जा रही है। स्थानीय स्तर पर यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि जनता की समस्या को अपनी जिम्मेदारी मानकर उसका समाधान करना ही सच्ची राजनीति है। यही कारण है कि इन युवा चेहरों को जनता से जुड़ने वाले नेताओं के रूप में देखा जा रहा है।

### युवाओं की भूमिका बनेगी निर्णायक:

विशेषज्ञों का मानना है कि 2028 का चुनाव केवल जातीय समीकरणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवा नेतृत्व की स्वीकार्यता भी बड़ा फैक्टर बनेगी। भाजपा के भीतर भी इस बात पर गंभीर मंथन चल रहा है कि भविष्य की राजनीति में युवाओं को अधिक अवसर दिया जाए। ऐसे में कुमावत और माली समाज से जुड़े ये युवा चेहरे मजबूत दावेदारी पेश करते दिखाई दे रहे हैं।

### स्थानीय नेतृत्व को मौका देने की मांग:

सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर यह मांग भी जोर पकड़ रही है कि इस बार भी किसी बाहरी चेहरे की बजाय स्थानीय और जमीनी नेता को ही टिकट दिया जाए। लोगों का मानना है कि जो नेता वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय है, जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहा है और संगठन के साथ मिलकर काम करता रहा है, वही क्षेत्र का बेहतर प्रतिनिधित्व कर सकता है।

### 2028 में नई सियासी पटकथा के संकेत:

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि कुमावत और माली समाज के इन उभरते युवा चेहरों की संगठनात्मक पकड़, सामाजिक समन्वय और जनसंपर्क क्षमता आने वाले समय में सुमेरपुर की राजनीति को नई दिशा दे सकती है। यदि भाजपा ओबीसी समाज और युवा नेतृत्व के संयोजन पर दांव लगाती है तो 2028 का विधानसभा चुनाव सुमेरपुर में नई सियासी पटकथा लिख सकता है। फिलहाल नजरें पार्टी नेतृत्व के फैसले पर टिकी हैं, लेकिन इतना तय माना जा रहा है कि सुमेरपुर की राजनीति में कुमावत और माली समाज के युवा चेहरों की गूंज अब पहले से कहीं अधिक तेज हो गई है।

## बीलपुर में सड़क पर कीचड़ व जलभराव से हालात खराब, पेयजल-बिजली संकट से ग्रामीण परेशान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित बीलपुर गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में प्रवेश करते ही मुख्य रास्ते पर जगह-जगह कीचड़ और गंदे पानी का जमाव दिखाई देता है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है और आसपास गंदगी व बदबू का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश और घरों का गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। इससे राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन कुछ दिन चालू रहने के बाद अब बंद पड़ी है। साथ ही कई जगह पाइप लाइन में लीकेज होने से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि जलभराव और कीचड़ की समस्या पिछले 20 से 30 वर्षों से बनी हुई है, लेकिन आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन और पंचायत को इस संबंध में शिकायत दी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य सड़क पीडब्ल्यूडी रोड से जुड़ी हुई है, जो आसपास के दर्जनों गांवों को जोड़ती है और इस मार्ग पर लगातार यातायात बना रहता है। बावजूद इसके सड़क की हालत खराब होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गांव में 12वीं तक का सरकारी विद्यालय होने के बावजूद स्कूल में शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे खासकर छात्राओं को परेशानी होती है। वहीं गांव में बना अस्पताल भवन भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। किसानों ने बताया कि सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली भी नहीं मिल रही। नियम के अनुसार छह घंटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन कई बार दो से तीन घंटे ही बिजली मिलती है, जिससे खेती पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कराया जाए, नालियों का निर्माण हो, जल जीवन मिशन की योजना को सुचारू किया जाए तथा बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाए, ताकि गांववासियों को राहत मिल सके।

## रोहित प्रजापत की पुत्री अंजलि को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन से बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड



**विराटनगर(निस)।** कस्बा निवासी रोहित प्रजापत विराट वेल्थ एलएलपी की पुत्री अंजलि प्रजापत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। अंजलि को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, कुरुक्षेत्र से टेक्सटाइल डिज़ाइन विषय में सत्र 2021-2025 के लिए बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।संस्थान में आयोजित समारोह में अंजलि को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, रचनात्मक डिज़ाइन और लगातार मेहनत के लिए प्रदान किया गया।अंजलि की इस उपलब्धि पर उनके पिता रोहित प्रजापत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बेटी की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और समाज के लोगों ने भी अंजलि को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।अंजलि की इस उपलब्धि से पिता रोहित प्रजापत सहित पूरे परिवार और समाज का नाम गौरवान्वित हुआ है।

## विशाल हिंदू नववर्ष शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन

**चौमू(निस)।** हर वर्ष की भांति होने वाले हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित की जाने वाली विशाल शोभा यात्रा के पोस्टर का विमोचन राधास्वामी बाग स्थित बराला हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. श्रवण बराला ने किया। डॉ.श्रवण बराला ने बताया कि भारतीय संस्कृति व सनातन के आयोजनों में सभी सनातनियों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर सीमेंट व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने कहा हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है।


### बेदखली की सार्वजनिक सूचना

मैं, राजेश कुमार तिवाड़ी पुत्र श्री श्रवणराम, जाति ब्राहम्ण निवासीः- कीतासर बिदावतान तहसील डूंगरगढ़ जिला बीकानेर वर्तमान निवासी गली नम्बर 28 पूनियां कॉलोनी, चूरू (राज.), इस सूचना के माध्यम से जनसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र, दिलीप कुमार, मेरी आज्ञा से बाहर है और उसके चाल-चलन व व्यवहार से मैं और मेरा परिवार अत्यंत दुखी है। वह मेरे कहने-सुनने में नहीं है और अपनी मनमर्जी करता है।

अतः, मैं आज दिनांक 15.03.2026, से उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ और उससे अपने सभी संबंध समाप्त करता हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेनदेन, वादे, अनुबंध या किसी भी गैर-कानूनी कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार या मेरी संपत्ति उत्तरदायी नहीं होगी। जो भी व्यक्ति उसके साथ कोई व्यवहार करेगा, वह अपने लाभ-हानि का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**राजेश कुमार तिवाड़ी, स्थानः कीतासर बिदावतान तहसील डूंगरगढ़ जिला बीकानेर वर्तमान पताः- गली नम्बर 28 पूनियां कॉलोनी, चूरू (राज.),**


## डिजिटल साक्षरता व युवा भारत विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में एनएसएस शिविर का दूसरे दिन श्रमदान और पोस्टर प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। इस दौरान योग अभ्यास, श्रमदान और पोस्टर प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत योग अभ्यास से हुई, जिसका संचालन प्रथम शिविर प्रभारी भगवान सिंह मीना व ममता दीक्षित ने किया। योग के माध्यम से स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। योग के बाद स्वयंसेवकों ने एनएसएस वाटिका में श्रमदान किया। जिसमें उन्होंने साफ-सफाई और पौधों की देखभाल की। इसके पश्चात 'डिजिटल साक्षरता व युवा भारत' विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी भगवान सिंह मीना व ममता दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस में स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा, अनुशासन और सामुदायिक सेवा की भावना भरने पर केंद्रित रहा। दिन की शुरुआत योग और स्वच्छता,जागरूकता के साथ शुरू हुई । जिसके बाद डिजिटल साक्षरता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, समूह चर्चा (जैसे यौन उत्पीड़न, नशामुक्ति) जैसे प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर के तहत एक वार्ता का भी आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि वक्ता डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र सिंह व वरिष्ठ अध्यापक मनोज कुमार झा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण, करियर निर्माण में रुचि के महत्व और अवसाद या तनाव से बचने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर देवयानी शर्मा, मोहित बघेला, राजकुमार सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी भगवान सिंह मीना व ममता दीक्षित ने मुख्य वक्ता सहित सहयोगी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।


## OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT KORSEENA

**PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: 2025-26/KORSEENA/181-1/ 344 DATE 12-03-2026

**INVITATION OF TENDER 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for One construction work at GP KORSEENA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 8.00 Lacs

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB02864
Tender ID - 2026_PRD_545661_1

**Prashasak**
**Gram Panchayat**
**KORSEENA**

**VDO**
**Gram Panchayat**
**KORSEENA**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
16 मार्च, 2026

## सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य पर तीन सुरक्षा सखियां सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर थाना क्षेत्र में आयोजित सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली सुरक्षा सखियों को सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी सीआई सतपाल बिश्नोई ने सुरक्षा सखी बसु कंवर, मंजू टाक और अनिता को मोमेंटो प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। सीआई सतपाल बिश्नोई ने बताया कि 1 मार्च से 15 मार्च तक चलाए गए 15 दिवसीय सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के दौरान इन सुरक्षा सखियों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान महिलाओं को कानून संबंधी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और पुलिस सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुरक्षा के प्रति सजग बनाने में सुरक्षा सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इन सखियों की ओर से गांव-गांव जाकर किए गए प्रयास सराहनीय हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले हैं। इस अवसर पर एसआई सत्यप्रकाश जांगिड़, एएसआई सुमेर सिंह मीणा, हेड कांस्टेबल कविता सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन, विधायक अनिल शर्मा के नेतृत्व में किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांधी चौक पर रविवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधायक अनिल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि कर आमजन पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। घरेलू गैस सिलेण्डर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। वहीं सामाजिक कार्यक्रमों और समारोहों के लिए आवश्यक कॉमर्शियल गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से आमजन और व्यापारियों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डबल इंजन की सरकार देश में हर मुद्दे पर असफल साबित हो रही हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज़ बुलंद की और आमजन की समस्याओं के समाधान की मांग की हैं।

## हेमराज जिंदल का लक्ष्मणगढ़ में भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल का रविवार को अग्रोहा जाते समय लक्ष्मणगढ़ में अग्रवाल समाज के लोगों ने जन्मदिवस के अवसर पर भव्य स्वागत किया। शहर के होटल पारस में आयोजित कार्यक्रम में अग्रबंधुओं ने केक काटकर जिंदल का जन्मदिन मनाया तथा उन्हें भगवान अग्रसेन का दुपट्टा व गजरा पहनाकर अभिनंदन किया।इस दौरान जिंदल ने उपस्थित अग्रबंधुओं को संबोधित करते हुए समाज विरोधी यूजीसी बिल का विरोध करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज से जुड़े मुद्दों पर एकजुटता के साथ अपनी आवाज उठानी आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री विष्णु भूत ने मोबाइल के माध्यम से जिंदल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लक्ष्मणगढ़ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विमल चिरानिया, पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी, युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री संदीप बजाज, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला,कोषाध्यक्ष मनोज जालान,सम्मेलन के जिला मंत्री अंकित बजाज, सुरेश बजाज सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जिंदल के साथ आए शैल अग्रवाल व सुनील जिंदल का भी भगवान अग्रसेन का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## अपराधों के बारे में दी जानकारी

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में सीआई बैगाराम मीणा के निर्देशन में सुरक्षा सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। महिला कांस्टेबल सुनीता ने आपरेशन गरिमा के तहत समस्त सुरक्षा सखियों को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों, उनसे बचाव और उपचार, बाल अपराध आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी प्रकार हाल ही में आए नए कानूनों के बारे में भी बताया गया। बैठक के दौरान डॉ. कोमल गौड़, डॉ. योगिता सक्सेना, सुधा करवा, जरीना, सुमित्रा जोगी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### राजस्थान दिवस पर आरआईसी में ओडीओपी व 'जयपुर रत्नम' प्रदर्शनी शुरू

# कलेक्टर जितेंद्र सोनी की पहल से स्थानीय उत्पादों को मिला बड़ा मंच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान दिवस समारोह के तहत राज्य में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित राज्य स्तरीय ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) और 'जयपुर रत्नम' प्रदर्शनी का रविवार को भव्य शुभारंभ किया गया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी तथा उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने किया। यह प्रदर्शनी 19 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 14 से 19 मार्च तक प्रदेशभर में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उद्योग व वाणिज्य विभाग की



ओर से राज्य स्तर और सभी जिलों में ओडीओपी प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, जिसमें स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने तथा विपणन का अवसर मिल रहा है।

राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में 120 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां राजस्थान के सभी जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। यहां आने वाले लोग इन उत्पादों को न केवल देख सकते हैं बल्कि सीधे खरीद भी सकते हैं। प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, हस्तकरघा, आभूषण, पारंपरिक कला वस्तुएं और स्थानीय उद्योगों से जुड़े कई उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इसी परिसर में जयपुर जिला उद्योग व वाणिज्य केंद्र तथा राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) के संयुक्त तत्वावधान में जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी 'जयपुर रत्नम' भी आयोजित की गई है। इस प्रदर्शनी में जिले के ओडीओपी उत्पादों के लिए 80 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां आभूषण और कीमती पत्थरों से जुड़े उत्पादों की विविधता देखने को मिल रही है। इस अवसर पर जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की पहल और सक्रियता की सराहना की गई। उनके नेतृत्व में स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को एक व्यापक मंच उपलब्ध हुआ है, जिससे उनके उत्पादों को पहचान मिलने के साथ-साथ बाजार भी मिल रहा है। प्रशासन की इस पहल से छोटे उद्योगों, कारीगरों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को आर्थिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि ओडीओपी योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले की विशेष पहचान वाले उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इस तरह की प्रदर्शनियों से कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार और बिक्री का अवसर मिलता है। राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर स्थानीय उत्पादों का अवलोकन कर रहे हैं और खरीदारी भी कर रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और पारंपरिक कलाओं को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

## जयपुर टाइम्स के जयप्रकाश स्वर्णकार बने राजलदेसर पत्रकार संघ के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में रविवार को पत्रकार संघ की बैठक पत्रकार कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र दाधिच ने की, जबकि चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी खेमराज पारीक के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र दाधिच ने जयपुर टाइम्स के संवाददाता जयप्रकाश स्वर्णकार का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया, जिस पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने सर्वसम्मति से समर्थन देते हुए उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित किया। जयप्रकाश स्वर्णकार लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं, जिसके चलते पत्रकार साथियों ने उन पर विश्वास जताते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। चुनाव में दैनिक नवज्योति के संवाददाता श्रवण आचार्य को उपाध्यक्ष, दैनिक उद्योग आसपास के संवाददाता मनोज सोनी को मंत्री तथा सी न्यूज भारत के संवाददाता धनपत शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं संरक्षक पद पर राजस्थान पत्रिका के संवाददाता महेन्द्र दाधिच और राजलदेसर टाइम्स के संवाददाता खेमराज पारीक को नियुक्त किया



गया। बैठक के दौरान पत्रकारों के हितों, समस्याओं और संगठन को मजबूत बनाने के मुद्दों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई तथा सभी ने एकजुट होकर पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयप्रकाश स्वर्णकार ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और संगठन को मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है और पत्रकारों की एकता से ही जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सकता है।

## बेरी में निशुल्क चिकित्सा शिविर, 220 मरीजों की जांच

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** ग्राम पंचायत बेरी में टीबड़ा हॉस्पिटल, बसंत विहार सीकर के तत्वावधान में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 220 से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक उपचार और निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में टीबड़ा हॉस्पिटल के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पाइन सर्जन डॉ. रमाकांत टीबड़ा और फिजिशियन डॉ. अशोक कुमार और उनकी टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार संबंधी सलाह दी। इस दौरान डॉक्टरों ने ग्रामीणों को आधुनिक रोबोट तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) के लाभों के बारे में जानकारी दी। साथ ही बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। चिकित्सा शिविर के दौरान 15 मरीजों को दर्द से राहत के लिए ट्रिगर पॉइंट इंजेक्शन लगाए गए, जबकि गंभीर समस्या से पीड़ित 20 मरीजों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। इनमें 5 स्पाइन सर्जरी, 12 घुटना रिप्लेसमेंट और 5 अन्य प्रकार के ऑपरेशन शामिल हैं। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच के साथ ही जीवनशैली में सुधार और समय पर उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर बेरी के सरपंच



प्रतिनिधि सुखराम सारसर, पंचायत समिति सदस्य किरण कुमार मील, धर्मशाला के सरपंच प्रतिनिधि रमेश धींवा, किसान नेता विजेंद्र सिंह काजला, पाबूदन सिंह चौहान, दानाराम खरबास, सुरेश खेडड़, महावीर ऐचरा, हरदयाल राव, बीरबल मूंड, सज्जन कुमार रूणला (भूतपूर्व सैनिक), फूल सिंह ओला, धर्मेंद्र ओला, गिरधारी सिंह चौहान, मेघाराम राड, पत्रकार घनश्याम दीक्षित, लालचंद खेडड़, राजेंद्र खरबास, शंकर, राजेंद्र खेडड़, जगदीश राव, मंगल मीणा, रोहिताश रूणला, बनवारी खेडड़, छोटे लाल सैन सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र सिंह काजला ने किया।

## जसनाथ जी मंदिर में 75 फीट ऊंची धर्म ध्वजा का लोकार्पण - हजारों श्रद्धालुओं ने देखा विश्वप्रसिद्ध अग्नि नृत्य



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में स्थित श्री देव जसनाथ जी आश्रम सेवा समिति में शनिवार रात भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। रीको इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित जसनाथ जी मंदिर बाड़ी में 75 फीट ऊंची धर्म ध्वजा' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए संतों के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। भव्य कार्यक्रम में राजलदेसर से महंत सोमनाथ जी महाराज, बाड़मेर से महंत मोटनाथ जी महाराज, उदासर धाम से महंत श्री दयानाथ जी महाराज और ऋषिकेश से बाल संत श्री भोले बाबा ने अपना आशीर्वाद दिया। प्रख्यात समाजसेवी विकास मालू ने विधि-विधान से धर्म ध्वजा का लोकार्पण किया। उदासर आश्रम के महंत दयानाथ जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा जसनाथी वही है जो संप्रदाय के बताए 36 नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करे। उन्होंने धर्म ध्वजा को एकता और आस्था का प्रतीक बताया। समिति के सदस्य हंसराज सिद्ध और मघनाथ सिद्ध ने कहा कि यह 75 फीट ऊंची ध्वजा अब पूरे क्षेत्र के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगी। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्वप्रसिद्ध अग्नि नृत्य रहा। जसनाथी संप्रदाय के नर्तकों ने धधकते अंगारों के ढेर धूणा पर अद्भुत प्रदर्शन किया। नर्तकों ने मून्या-मून्या के उद्घोष के साथ अंगारों पर प्रवेश किया। अंगारों को मथने और उन्हें मुंह में लेने जैसी हैरत अंगेज कला ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर किशननाथ सिद्ध, परतनाथ सिद्ध, तेजपाल चौधरी, लालनाथ सिद्ध, गंगा बिशन सिद्ध, बीरबल नाथ सिद्ध, राजूनाथ, हरिनाथ सिद्ध सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और ग्रामीण मौजूद रहे।

### चलने-फिरने में असमर्थ नितीश बने कलेक्टर

## यूपीएससी में चयन पर गांव खटौटी कला के लाल का ननिहाल रामसिंहपुरा में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** चलने-फिरने में असमर्थ होने के बावजूद कठिन संघर्ष और मजबूत हौसले के दम पर यूपीएससी परीक्षा में चयनित होकर कलेक्टर बनने जा रहे नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव खटौटी कला निवासी नितीश कुमार यादव का रविवार को उनके ननिहाल रामसिंहपुरा में भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें घोड़ी पर बैठाकर डीजे की धुनों के साथ जुलूस निकाला और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जताई। जुलूस गांव के मुख्य मार्गों से होता हुआ भेरुजी महाराज और भैया बाबा के मंदिर पहुंचा, जहां नितीश कुमार यादव ने धोक लगाकर आशीर्वाद लिया। रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद नितीश यादव ने जो सफलता हासिल की है, वह पूरे अहीरवाल क्षेत्र और युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि मजबूत इरादों और निरंतर मेहनत से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉक्टर दिलीप यादव ने कहा कि व्यक्ति शरीर से नहीं बल्कि मन से मजबूत होता है। नितीश ने अपने संघर्ष और परिश्रम से यह साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रिंसिपल दात्ताराम यादव, पंचायत



समिति सदस्य रामस्वरूप यादव, अलीपुर के पूर्व सरपंच अमर सिंह यादव, कृष्ण यादव (शिमला नेवी) सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और नितीश को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नितीश की माता केला देवी, पिता श्रद्धानंद यादव, ताऊ हीरानंद यादव, कैलाश यादव (छाजा की नांगल), भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजौर, हवलदार कैलाश यादव (रामसिंहपुरा), महावीर यादव (मिंडाला की ढाणी), पूर्व सरपंच सतपाल यादव, भूपसिंह, सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह जागीरदार, हवासिंह यादव (बल्लुपुरा), रोहिताश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गैस किल्लत के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, फूंका पुतला

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गांधी चैक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष और विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि देश की सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर जनता को गैस की किल्लत और महंगाई में झोंक दिया है, जिसके कारण आज पूरे देश में अव्यवस्था का माहौल है। मनोज मेघवाल ने कहा कि अमेरिका ने जिस प्रकार से भारत को रूस से तेल लेने की एक महीने की छूट देने की घोषणा की, उससे भारत की संप्रभुता पर



वैश्विक स्तर पर काफी बड़ा सवालिया निशान लग गया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने उफ तक नहीं की। इस प्रकार केंद्र सरकार भारत की संप्रभुता के साथ समझौता कर रही है। केंद्र सरकार आम जनता को बताए कि वो इतने दबाव में क्यों काम कर रही है। केंद्र सरकार को अपनी मजबूरियां जनता के सामने जाहिर करनी चाहिए। क्योंकि केंद्र के लोग अपनी मजबूरियों के चक्कर में अब देश की जनता के हितों पर कुठाराघात कर रहे हैं, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। गैस सिलेंडर के साथ किए गए प्रदर्शन के दौरान अमेरिका के दबाव में आना बंद करो के नारे लगाए गए तथा प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस नेताओं ने नाले की गैस से खाना बनाने का नाटक भी किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन में शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप तोदी, रामावतार शर्मा, यूनुस खान हाशमखानी, मदन सोनी, विद्याप्रकाश बागरेचा, सलीम खान, ईस्माइल खान, बजरंग सेन, हितेश जाखड़, इकबाल खान कायमखानी, बाबूलाल मेघवाल, सुनीता रावतानी, डॉक्टर योगिता सक्सेना, आसिफ नसवान, प्रमिला राठी, मधु बागरेचा, जाकिर क्याल, अमजद खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष फारुख भुट्टा, बंटी लाखन, रामाकिशन फलवाड़िया, ओंकार मेघवाल, रामचंद्र गोदारा, रामनिवास गुर्जर, अजय ढेनवाल, दाऊद काजी, वैभव सोनी, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, विद्याधर बेनीवाल, असलम मौलानी, शकूर सब्जीफरोश सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पहले गांधी चैक सभा मंच की साफ सफाई करवा कर कचरा उठाया गया। उसके बाद कांग्रेस नेताओं ने गांधी चैक सभा मंच पर प्रदर्शन किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## भाजपा नेता जांगिड़ ने रोजेदारों के रोजे खुलवाए



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 3 में स्थित मदीना मस्जिद में दिलावर पठान ने रोजा इफ्तार की दावत दी जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ भी शामिल हुए और रोजादारों के साथ रोजा इफ्तार किया। सभी ने इस पाक पवित्र रमजान के महीने में देश में अमन चैन शांति की दुआ मांगी। जांगिड़ ने कहा कि रमजान का यह मुबारक महीना हमें संयम सेवा इंसानियत व आपसी सदभाव की सीख देता है। जांगिड़ ने इस कार्यक्रम के आयोजक दिलावर खान को कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, पूर्व सरपंच लीलाधर बागोरिया, मोहम्मद तैयब, सलामुदीन लुहार, शिव कुमार शर्मा, फारूक मनियार, मुबारिक खान, राकेश टाक, वीर बहादुर सिँह राठौड़, नरेन्द्र शेखावत, शाबिर जिंदरान, शाबीर हुसैन सहित सैकड़ों वार्डवासी मौजूद रहे।

## महिलाओं व बालिकाओं को महिला कानून के बारे में किया जागरूक

### भानीपुरा थाना क्षेत्र में चलाया महिला जागरूकता अभियान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा थाना क्षेत्र में सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के तहत सुरक्षा सखियों ने भानीपुरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को महिला से जुड़े प्रमुख कानून व महिला अपराधों से बचाव और राजकोप सिटीजन ऐप बारे में बताकर जागरूक किया गया। साथ ही ये भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में महिलाएं तुरंत पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं की सहायता ले सकती है। सुरक्षा सखियों ने महिलाओं से अपील की है कि वह अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों व सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक करें ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को और अधिक मजबूत किया जा सके। सुरक्षा सखियों में बीजरासर में निर्मला कंवर, आसपालसर में आंचल, बादड़ियां में लक्ष्मी गुर्जर, शिमला में मित्रों देवी, बिल्यू में मंजू कंवर आदि ने महिलाओं को जागरूक किया।

## राष्ट्रीय संत सम्मेलन गोरखपुर में वरुण शर्मा व सुरेंद्र शर्मा ने किया राजस्थान प्रदेश नेतृत्व



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन की ओर से संगठन के पदाधिकारी वरुण शर्मा व सुरेंद्र शर्मा ने 12 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय संत सम्मेलन मिश्रौली गोरखपुर में शामिल होकर राजस्थान प्रदेश का नेतृत्व किया। कार्यक्रम के आयोजक पंचदेव मंदिर के महंत सुनील दुबे के आमंत्रण पर पूरे भारतवर्ष से अनेक संतों का आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरिया सिद्ध पीठ के महंत शीषदास जी महाराज ने की सैकड़ो संतों में गोपेश्वर जी महाराज वृंदावन, बृजमोहन दास महाराज दशस्त्र पीठ अयोध्या, पूर्णिमा कोठारी स्मृति मंच कोलकाता, ओंकार नाथ मिश्रा राष्ट्रीय समन्वयक ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन, भूपेंद्र कोलकाता, कथावाचक राममोहन तिवाड़ी, शैलेंद्र दुबे, ऋषिकेश द्विवेदी जिलाधिकारी, राकेन्द्र द्विवेदी ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए।

## 1100 दीपक जलाकर होगा हिंदू नववर्ष का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ की बैठक रविवार को सेन मंदिर परिसर में वरिष्ठ संरक्षक रामनिवास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या 18 मार्च को शाम 5 बजे रघुनाथजी के बड़ा मंदिर में महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में 1100 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। वहीं नववर्ष की सुबह नगर के विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाकर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। ट्रस्ट ने नगरवासियों से अपने घरों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर दीपक जलाकर व रंगोली बनाकर नववर्ष मनाने की अपील की। इसके अलावा 27 मार्च को रामनवमी पर निकलने वाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा के दौरान लाल कुआं के पास पुष्प वर्षा कर स्वागत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रामनिवास शर्मा, सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, राजेंद्र माटोलिया, कमल कुमावत सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



### सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन

# संस्कृत भाषा भारत की आत्मा व आयुर्वेद का प्राण तत्व है: चंद्रशेखर शर्मा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री भंवरलाल दूगड़ आयुर्वेद विश्व भारती व संस्कृत भारती चूरू के संयुक्त तत्वावधान में 9 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित सात दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का उत्साह पूर्वक समापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के संयोजक सहायक आचार्य संदीप हारित ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्कृत भारती जयपुर के प्रांत मंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने में कहा कि संस्कृत भाषा भारत की आत्मा व आयुर्वेद का प्राण तत्व है। जिसे मैकाले द्वारा योजनाबद्ध तरीके से नष्ट करने का काम किया। संस्कृत भारती 1981 से संस्कृत को जन व्यवहार में लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांधी विद्या मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़ ने महाविद्यालय में संस्कृत संभाषण का वातावरण बनाना अत्यंत आवश्यक और प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आयुर्वेद की मूल संहिताएं संस्कृत में ही रची गई हैं। यह केवल एक भाषा नहीं बल्कि आयुर्वेद के सूक्ष्म दार्शनिक और चिकित्सा सिद्धांतों को समझने का माध्यम है। कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्कृत भारती चूरू के जिला अध्यक्ष डॉ अविनाश पारीक ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत संभाषण व गहन अध्ययन का महत्व बताते हुए संस्कृत भारती की ओर से पत्राचार से संस्कृत शिक्षण योजना की जानकारी दी। जयपुर महानगर सह प्रशिक्षण प्रमुख नरेंद्र प्रताप सिंह राजपुरोहित शिविर के मुख्य शिक्षक रहे। मौलिक सिद्धांत व संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कमला मुंड ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृत भारती जयपुर प्रांत के संगठन मंत्री विमल कुमार, महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो श्याम सुंदर शर्मा, डॉ सुशील कस्वां, संस्कृत भारती के जयपुर महानगर सह प्रशिक्षण प्रमुख नरेंद्र प्रताप सिंह राजपुरोहित शिविर के मुख्य शिक्षक रहे। शिविर में संस्कृत भाषा को सरल माध्यम से व्यावहारिक प्रयोग के माध्यम से सिखाया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने सरल संस्कृत में संवाद करना सीखा। संस्कृत को दैनंदिन जीवन की भाषा बनाने का संकल्प लिया। शिविर के समापन कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने संस्कृत में अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां दी। जिसमें शिविर का अनुभव कथन, आत्म परिचय, संस्कृत में परस्पर संभाषण, संस्कृत गीत, नाटक इत्यादि शामिल रहे। मौलिक सिद्धांत एवं संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कमला मुंड ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृत भारती जयपुर प्रांत के संगठन मंत्री विमल कुमार, उप प्राचार्य प्रो श्याम सुंदर शर्मा, डॉ ललिता शर्मा, डॉ सुशील कस्वां आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रियांशी ने किया।

## पाटन ब्लॉक में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नवसाक्षरों की परीक्षा, 3579 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025-26 के लिए उल्लास पोर्टल पर पंजीकृत नवसाक्षरों की द्वितीय बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक एसेसमेंट टेस्ट परीक्षा रविवार को पाटन ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई। परीक्षा ब्लॉक पाटन की 22 ग्राम पंचायतों के पीईईओ मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में ब्लॉक के 2582 महिलाओं तथा 997 पुरुषों सहित कुल 3579 नवसाक्षरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू रहीं और परीक्षार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए ब्लॉक स्तर पर पर्यवेक्षण दल गठित किया गया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीणा ने हसामपुर और घासीपुरा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं ब्लॉक समन्वयक साक्षरता शिम्भू दयाल स्वामी ने राजपुरा, धांधेला, रायपुर पाटन और हेमराजपुरा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति (आरपी) अशोक कुमार यादव ने बिहारीपुर सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक और सुव्यवस्थित पाई गई।

## अपना घर आश्रम में शीतल जल मंदिर का शुभारंभ

### दानदाताओं ने करवाए दो कमरों के निर्माण पट्ट का अनावरण

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** आश्रयहीन, असहाय व अस्वस्थ प्रभुजनों की सेवा के उद्देश्य से संचालित अपना घर आश्रम में शनिवार शाम एक सादगीपूर्ण समारोह में शीतल जल मंदिर (वाटर कूलर सहित) का शुभारंभ और दानदाताओं की ओर से निर्मित दो कमरों के निर्माण पट्ट का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में दानदाता परिवारों के वरिष्ठ सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। आश्रम संचालन समिति के डॉ. विजय प्रकाश गोयल ने बताया कि आश्रम में आने वाले प्रभुजनों व आगंतुकों की सुविधा के लिए नेमीचंद सोनी की ओर से वाटर कूलर युक्त शीतल जल मंदिर का निर्माण करवाया गया है। वहीं आश्रम में रहने वाले प्रभुजनों के लिए दो कमरों का निर्माण भी करवाया गया, जिनमें एक कमरा बनवारी लाल रिणवा परिवार तथा दूसरा कमरा रावतराम-नर्बदा देवी जोशी परिवार ने बनवाया है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में विजया देवी-ब्रिजमोहन लखानी ने आश्रम के उपयोग के लिए एक एयर कूलर भी भेंट किया, जिससे गर्मी के मौसम में आश्रम में रहने वाले लोगों को राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर आश्रम व्यवस्था संचालन समिति के विश्वनाथ सोनी, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, सचिव कुलदीप व्यास तथा कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर ने सभी दानदाताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आश्रम समिति की ओर से कन्हैयालाल जोशी, नरोत्तम सोनी, मुकेश रिणवा सहित दानदाता परिवारों का सपरिवार अभिनंदन भी किया गया। इस मौके पर प्रताप बोथरा, महावीर रामगढ़िया, रजनीकांत सोनी, लीलाधर सराफ, एडवोकेट महावीर सिहाग, मयंक रिणवा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रबुद्ध विचारक और वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** प्रबुद्ध विचारक व वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ का असामयिक निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। ये विचार उनकी स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय ने व्यक्त किए। गांधी बाल निकेतन प्रांगण आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बारेठ अपनी निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता तथा सादगीपूर्ण जीवन के लिए जाने जाते थे। एडवोकेट बजरंग गुर्जर ने बारेठ के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा प्राप्त करने का आह्वान किया। पूर्व सीबीईओ मोहम्मद अनवर कुरैशी ने उनके सम्मान में पत्रकारिता पुरस्कार की स्थापना करने का विचार रखा। पत्रकार प्रदीप लड्ढा, राजेंद्र सिंह बिदावत, धन्नाराम प्रजापत, समर्थ सामोर, अलका पालावत, मनोज चारण आदि ने बारेठ का पुण्य स्मरण करते हुए शब्द सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सी आई गौरव खिड़िया, एडवोकेट अशोक उपाध्याय, पत्रकार मनोज पारीक, एडवोकेट निर्मल भुढ़ाढ़रा, हरिप्रसाद हर्षवाल,प्रकाश चारण, सचिन विरमानी, रामनारायण व्यास, ओमप्रकाश तापड़िया,अनिल लाटा, विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, नवरत्न सोनी, सुरजीत सिंह, सुनील सिंह चरण आदि उपस्थित रहे। उपस्थित नगरवासियों ने दो मिनट का मौन रखकर और बारेठ के चित्र पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सभा का संचालन कुलदीप कुमार व्यास ने किया।

## नौ दिवसीय श्री राम कथा का समापन

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** गांव गुडावड़ी के श्याम बाबा मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का रविवार को समापन हुआ। कथावाचक मंहत दिनेशगिरि महाराज ने हनुमान जी महाराज ने लंका दहन करने का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने बताया कि हनुमान जी महाराज माता सीता की खोज में लंका गए और वहां माता को मुद्रिका की निशानी देकर प्रभु का संदेश सुनाया और लंका दहन कर वापिस आए। लंका मे विभिषण और हनुमान जी महाराज का वाद सवांद हुआ। महाराज ने बताया कि सेतु का निर्माण कर लंका पर चढ़ाई करके रावण के पापाचार का अंत कर धर्म की स्थापना की। भगवान राम ने कैसे एक आज्ञाकारी पुत्र, आदर्श पति, प्रतिभाशाली भाई व एक कर्मठ राजा की तरह अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन किया। साथ ही माता सीता के चरित्र का भी बहुत ही सहज भाव से वर्णन किया। महाराज ने बताया कि मन के भावों को प्रकट करने के लिए गौ माता की सेवा करनी चाहिए। मन की इच्छा व आत्मा की शांति के लिए परिवार के सदस्यो के साथ मिलकर प्रभु का कीर्तिन करना चाहिए। संतो की दान दक्षिणा सत्संग की प्रार्थना का संकल्प होता है। अपने कर्तव्यो का पालन करने के लिए मनुष्य को कभी कमजोर नही समझना चाहिए। कोई भी व्यक्ति के मन में अहंकार का रूप विराजित हो तो उसका नष्ट होना आवश्यक है। राम और राज का डर निकलने के कारण पाप होता है। कथा के दौरान श्रोताओ ने नृत्य कर श्रीराम कथा का आनन्द लिया। श्याम मंदिर पुजारी परिवार ने महंत दिनेश गिरी महाराज को शॉल व दुपट्टा औढाकर सम्मानित किया। कथा मे आयोजन समिति के सियाराम स्वामी, श्याम मंदिर पुजारी पिन्टू स्वामी, सतगुरु पुजारी बालूराम राव, कुम्भाराम ढुकिया, भंवर सिंह, राधेश्याम शर्मा, कमल अग्रवाल, रमेश तोदी, सत्यनारायण, गोमाराम स्वामी, भींवराज महरिया, जितेन्द्र स्वामी, जगदीश स्वामी, सोहनलाल स्वामी सहित सैकड़ो श्रोता उपस्थित रहे।

## झुंझुनू में कांशीराम की जयंती मनाई

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** बहुजन क्रांति के अग्रदूत कांशीराम का 92 वा जन्म दिवस एडवोकेट प्रताप सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में मांगीलाल मंगल की अध्यक्षता में अम्बेडकर पार्क झुंझुनू में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ जगदीश बर्बर ने बताया कि मान्यवर कांशीराम ने खुद अभावों में जिंदा रहकर जातियों में बंटे हुए बहुजन समाज को संगठित कर राजनीतिक रूप से जागरूक कर उत्तरप्रदेश जैसे राज्य में 4 बार मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का काम किया। देश के अनेक राज्यों में बहुजन समाज को संगठित कर सत्ता में भागीदार बनने का संदेश दिया। नाहर सिंह कुलोद व ब्रजमोहन ने कांशीराम साहब के जीवन पर प्रकाश डाल सुभाष बॉयल, सुभाष नयासर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ संपत बारूपाल, मोती लाल आलडिया, देवकरण महरिया, आर अल वर्मा, शिवशंकर, पुरुषोत्तम, बालाराम, सुभाष डिग्रवाल, (पूर्व भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष मंडावा अजय वर्मा नुआ), डॉ संतकुमार, बद्रीप्रसाद गोरा, राजेश आलडिया, राजेश बजाड़, चंदगीराम, संदीप पाटिल, विक्की जाजोरिया सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## महिलाओं व बालिकाओं को महिला कानून के बारे में बताया

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के भालेरी थाना क्षेत्र में सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के तहत सुरक्षा सखी प्रमिला कंवर ने कस्बे के सार्वजनिक पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को महिला से जुड़े प्रमुख कानून व महिला अपराधों से बचाव तथा राजकोप सिटीजन ऐप बारे में बताया साथ ही ये भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में महिलाएं तुरंत पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं की सहायता ले सकती है। सुरक्षा सखी कंवर ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों व सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक करें ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को और अधिक मजबूत किया जा सके।

## खुडेरा बड़ा में सर्व हिन्दू समाज का सम्मेलन आयोजित, एकता और संस्कारों पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** तहसील के ग्राम खुडेरा बड़ा में सर्व हिन्दू समाज के ग्रामीणों ने स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित ऐसे सम्मेलनों का उद्देश्य समग्र हिन्दू समाज में स्नेह, सौहार्द और एकता का संचार करना है, जिससे राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा गांव एक परिवार की तरह है और इसमें रहने वाले सभी समाज के लोगों को आपसी सद्भाव, सौहार्द और एकता के भाव से रहना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि प्रतिदिन गांव के मंदिर में संध्या आरती के समय एकत्रित होकर सहभागिता निभाएं तथा अपने बच्चों के साथ परिवार में बैठकर शिक्षाप्रद कहानियों और संस्मरणों के माध्यम से अच्छे संस्कार प्रदान करें। मिश्रा ने कहा कि संयुक्त परिवार की जीवन शैली अपनाना, रासायनिक खेती के स्थान पर गोबर की जैविक खाद का उपयोग करना, स्वदेशी संस्कृति व परंपराओं का पालन करना तथा सभी समाजों के महापुरुषों और देवी-देवताओं का सम्मान करना सुखी, समृद्ध और उन्नत जीवन का आधार है। उन्होंने बताया कि इन छोटे-छोटे पंच परिवर्तनों को जीवन में अपनाकर हम सभी भारत की अखंडता, उन्नति और समृद्धि में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवा करने वाले व्यक्तियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में नंदलाल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, रामेश्वरलाल ढूकिया, चंद्राराम प्रजापत, आदूराम माहिच, सोहनलाल ढूकिया, चंद्राराम ढूकिया, सोहनलाल (पूर्व सरपंच), मांगीलाल प्रजापत, प्रभुसिंह, गिरधारीदान चारण, प्रतापदान चारण, भंवर सिंह मेड़तिया, ओमप्रकाश मंडार, गोपाल प्रजापत, बेगाराम नायक, रूपाराम मोटसरा, भागीरथ ढूकिया, धन्नाराम ढूकिया, परमानंद प्रजापत, घणेन्द्र शर्मा, आशीष शर्मा, यश शर्मा, पुष्पा देवी, बरजा देवी, खीवणी देवी, उमा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ व जानकीप्रसाद शर्मा मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इस्माइल छींपा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रफीक कूकड़ा के सौजन्य से मंगलवार को निःशुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर द यंग्स क्लब परिसर में आयोजित किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया की ओर से रोगियों की निःशुल्क जांच कर ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** जाजोद थाना क्षेत्र में एनएच-52 पर ठिकरिया के पास देर रात एक वाहन की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को रींगस उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जाजोद थाना पुलिस को देर रात ठिकरिया के पास हाईवे पर एक वृद्ध महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। हेड कांस्टेबल संतोष गुर्जर ने बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच करने पर यह प्रथम दृष्टया वाहन की टक्कर से हुई दुर्घटना का मामला प्रतीत हुआ। मृतका के हाथ में दो श्याम पताका मिली हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि महिला किसी धार्मिक यात्रा या दर्शन के लिए जा रही थी। फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है। शव को पहचान के लिए रींगस उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक बचा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे वार्ड 23 में रविवार को बजरी व सिमेन्ट से भरी तेज रफ्तार और ओवरलोडेड ट्रेक्टर ट्रॉली के पलटने की घटना सामने आई है। जिसमें चालक के घायल हुए है। हादसे में गनीमत रही कि चालक बाल - बाल बच गया। अशोक सैनी ने बताया कि नालियों के उबड़ खाबड़होने के कारण यह दुर्घटना का कारण बन रहा है।

## जुगल किशोर शास्त्री ससपा के जिला उपाध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** गांव पाटोदा निवासी जुगल किशोर शास्त्री को सनातन समाज पार्टी ससपा का झुंझुनू उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सनातन समाज पार्टी के संस्थापक डॉक्टर वत्साचार्य महाराज के अनुसार समाज पार्टी के जुगलकिशोर शास्त्री को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा, मनोज सहल व इस्ट मित्रों सहित उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्कॉर्पियो और पिकअप की टक्कर में एक की मौत, 8 घायल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड़ स्थित लोढ़सर गांव के पास हुए स्कॉर्पियो और पिकअप की टक्कर में 9 लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीर मुकेश खटीक की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, सिकंदर, आशीष सोनी, महावीर गोदारा लोडसर, बोदू गोदारा, जग्गू सिंह, मनोज प्रजापत, चंदू आदि की सहायता से घायलों को बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू करावाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने स्कार्पियो सवार सूरज (25) पुत्र कुंदन सिंह, निवासी उत्तराखंड को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों मे स्कार्पियो सवार सचिन पुत्र हरद्वारी लाल बिश्नोई, भादरा, भरतलाल पुत्र स्वराज बिश्नोई, अंगूरी पत्नी संतलाल बिश्नोई, आनंद पुत्र संतलाल बिश्नोई, सुनीता पत्नी आनंद बिश्नोई, दयानन्द पुत्र भरतलाल बिश्नोई, पिक अप सवार राजेंद्र पुत्र कुरड़ा राम, निवासी सोंथली नवलगढ़, कपिल पुत्र मनरूप जाट, निवासी रामलालपुरा उदयपुरवाटी के है। जानकारी के मुताबिक स्कार्पियो सवार सालासर साइड से मुकाम की तरफ जा रहे थे और पिकअप सवार सुजानगढ़ साइड से सालासर साइड जा रहे थे। टक्कर बहुत भीषण थी, आसपास के लोगो ने घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ भी मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जाँच कर रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम परिजनों के आने के बाद सोमवार को होने की सम्भावना है।

# चूरू में कलाकारों की 5 टीमों के बीच खेला गया 'आर्टिस्ट प्रीमियर लीग

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चन्द्र फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी राजस्थानी फीचर फिल्म 'आपां नै तो बेटी बचाणी हैं' के खलनायक आशीष गौतम 'आशु' की टीम 'आर्टिस्ट प्रीमियर लीग' में चैंपियन बनी है। चूरू में कलाकारों की 5 टीमों के बीच यह लीग खेला गया था। फिल्म के निर्माता निर्देशक राजेन्द्रसिंह शेखावत ने विजेता बनने पर कप्तान आशीष गौतम 'आशु' सहित पूरी टीम को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि शहर के आसपास के कलाकारों के बीच आपसी प्रेम, अपनापन और आपसी जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से टैलेंट्स विला की ओर से आयोजित आर्टिस्ट प्रीमियर लीग (APL) क्रिकेट मैच का भावपूर्ण और सफल आयोजन किया गया। इस अनोखी लीग में कुल पाँच टीमों ने हिस्सा लिया और कलाकारों ने खेल भावना के साथ मैदान में उतरकर एक यादगार शाम बना दी। लीग में टीम 1 के कप्तान प्रदीप कथक, टीम 2 के कप्तान आशीष गौतम 'आशु,' टीम 3 के कप्तान संदीप जांगिड़ और टीम 4 के कप्तान मुकुल भाटी रहे। वहीं टीम 5 में इस लीग के मुख्य आकर्षण रहे मशहूर कॉमेडियन गोगासर से गौतम 'गोटी' पारीक। उनकी टीम में गौतम पारीक, श्याम पांडिया, विनोद माहिल, संदीप पांडिया, और विशाल पांडिया शामिल रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन में उत्साह और मनोरंजन का रंग भर दिया। फाइनल मुकाबले में आशीष गौतम 'आशु' की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदीप कथक की टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम में आशीष गौतम आशु, रोहिताश, नूर, रजत, ओम और शीश राम जाखड़ शामिल रहे। वहीं प्रदीप कथक की टीम उपविजेता रही, जिसमें प्रदीप कथक, बजरंग कथक, हर्षित, आदित्य, राहुल और हिमांशु ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस लीग में हिमांशु प्रजापत को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर टैलेंट्स विला के संरक्षक बजरंग कथक ने अपने संबोधन में कहा कि यह क्रिकेट मैच केवल एक खेल नहीं था, बल्कि कलाकारों के बीच दिलों को जोड़ने और रिश्तों को मजबूत करने का एक छोटा सा प्रयास था। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में कई साथी अपने काम और जिम्मेदारियों के कारण मंच से दूर हो जाते हैं, ऐसे में इस तरह के आयोजन उन्हें फिर से एक परिवार की तरह जोड़ने का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा अधिकारी ओम फगेड़िया और सुरेश फगेड़िया उपस्थित रहे। इस दौरान ओम फगेड़िया ने कहा कि 'जब दो साधारण से दिखने वाले बच्चे इस आयोजन की बात लेकर मेरे पास आए थे, अगर उस समय मैं उन्हें मना कर देता तो आज मुझे सच में बहुत अफसोस होता। आज जिस तरह यह आयोजन सफल हुआ है, वह वास्तव में सराहनीय और प्रेरणादायक है।' वहीं लोकप्रिय संचालक मुकुल भाटी की ओर से मैदान में किया गया ऊर्जावान संचालन भी इस शाम का विशेष आकर्षण रहा। उनके संचालन ने पूरे मैदान के माहौल को जीवंत कर दिया और कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि टैलेंट्स विला केवल कला का मंच नहीं, बल्कि कलाकारों को एक परिवार की तरह जोड़ने वाली एक सुंदर पहल है, जहाँ प्रतिभा के साथ-साथ रिश्तों की गर्माहट और अपनापन भी मिलता है। आपको बता दें कि आशु ने फिल्म 'आपां नै तो बेटी बचाणी हैं' में खलनायक 'भवानी दादा' का शानदार किरदार अदा किया है।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का आगाज

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास में गणेशीराम - केसरदेवी चोटिया की पुण्य स्मृति में मोहनलाल चोटिया परिवार की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा के शुभारंभ पर कसुंबी रोड़ स्थित शिव बाड़ी से कलश यात्रा रवाना हुई। जिसमें यजमान मोहनलाल-पुष्पा देवी चोटिया भागवतजी को अपने सिर पर धारण कर कलश यात्रा में आगे चल रहे थे और सैंकड़ों महिलाए सिर पर मंगल कलश धारण किए हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रही थी। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। आयोजन स्थल पर भागवतजी की आरती की गई। इस मौके पर उपस्थित जनों को कथा का अमृतपान करवाते हुए व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक हरिशरण महाराज ने भागवतजी का महातम्य बताया। उन्होंने कहा कि जिस पर नौका में बैठने पर नदी पार लगाने वाला नाविक है, उसी प्रकार भागवत रूपी नौका में बैठने पर भगवान भव सागर से पार लगाते हैं। जुगल किशोरदास महाराज, रामकिशोर दास महाराज, मनमोहन दास महाराज के सानिध्य में निकली कलश यात्रा में देवेन्द्र-विमला चोटिया, महेन्द्र-रीना चोटिया, कमल-सुनीता चोटिया, कमला-पृथ्वीराज नवहाल, कांता-चुन्नीलाल नवहाल, तुलसी-दिनेश कुमार काछवाल, निर्मला-हेमंत जोशी, जगदीश प्रसाद शास्त्री, मोहित शास्त्री, भागीरथ करवा, दामोदर पीपलवा, राकेश रिणवा, श्यामलाल दर्जी, आनन्दीलाल गोठडिया, पवन दादलिका, अमरचंद सैन, भागीरथ चोटिया, रमेश चोटिया, हरि चोटिया, मानवेन्द्र मिश्रा, कमल कुमार गौड़, ताराचंद झुणझुणोदिया, अमरचंद सैन, हंसराज सोनी, सुनील सोनी, प्रमोद काछवाल, भगवती प्रसाद शर्मा, सांवरमल पीपलवा, विजय काछवाल, मुन्नालाल प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## महेश बसावतिया वर्षों से भाजपा और समाज सेवा में निभा रहे अग्रणी भूमिका

### युवा मोर्चा से लेकर मीडिया प्रकोष्ठ तक संभाली अहम जिम्मेदारियां

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिले के बगड़ रोड क्षेत्र निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी महेश बसावतिया लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ उन्होंने राजनीतिक और सामाजिक जीवन में भी अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है। 3 जुलाई 1967 को जन्मे महेश बसावतिया के पिता बनवारी लाल बसावतिया रहे हैं। झुंझुनूं के बगड़ रोड स्थित अपने निवास से वे वर्षों से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। महेश बसावतिया भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा झुंझुनूं में जिला मंत्री के रूप में कार्य करते हुए युवाओं को संगठन से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा वे करीब 10 वर्षों तक जिला प्रवक्ता रहे और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया। संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें भाजपा झुंझुनूं के मीडिया प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया, जहां उन्होंने लगातार 12 वर्षों तक मीडिया और जनसंपर्क से जुड़े कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया। इसके साथ ही वे भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी रहे हैं। महेश बसावतिया ने विभिन्न चुनावों के दौरान भी संगठनात्मक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया। 2018 के विधानसभा चुनाव में पूरे झुंझुनूं जिले में पार्टी की मीडिया सामग्री के वितरण का दायित्व संभाला, जबकि 2023 विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिले भर में पार्टी के प्रचार-प्रसार को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ महेश बसावतिया सामाजिक संगठनों के माध्यम से भी समाज सेवा में लगातार सक्रिय रहे हैं। वे विश्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में समाज को संगठित करने का कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा विप्र सेना राजस्थान के प्रदेश प्रमुख उपाध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाने और समाजहित के कार्यों में भागीदारी निभाई है। वर्ष 2014 से लेकर अब तक केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही समाज सेवा के माध्यम से वंचित और जरूरतमंद वर्गों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे हैं। महेश बसावतिया का कहना है कि संगठन को मजबूत करना और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। वर्तमान में भी वे सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### परदेसिया रे......थारी ओळ्यूं घणी आवे रे.....शर्मा

## नगरश्री में मूमल लोक कला शोध संस्थान की ओर से गीतां रो गजरो कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय नगरश्री में मूमल लोक कला शोध संस्थान की ओर से शनिवार शाम गीतां रो गजरो कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीतज्ञ डॉ. श्याम सुंदर शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमाकांत भाऊवाला रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रो. कमल कोठारी व समाजसेवी बालकिशन बावलिया रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नीरज गौड़, प्रमोद शर्मा व विनोद प्रजापत ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुंशी खां मिराशी ने स्वागत गीत व मूमल, रामसिंह बीका ने जल बादळी रो पानी, डॉ. श्यामसुंदर शर्मा ने परदेसिया रे थारी ओळ्यूं घणी आवे रे...., विनोद व्यास ने नागौरी मांड, चूरू के चांद पुरुषोत्तम नाई ने जरा सो रुक ज्या रे बटाउड़ा, शंकर लाल महर्षि ने म्हारा राम रघुनाथ, विजयलक्ष्मी शर्मा ने जलासेन में तो थारा डेरा निरखन आई, डॉ. प्रमोद बाजोरिया ने हिचकी, राजेंद्र शरणोत ने जल भरयो हपोला, नारायण शर्मा ने कर सोलह श्रृंगार गोरड़ी, रितेश प्रजापत ने पणिहारी, सत्यनारायण व्यास ने सुवटियो, दीपांशु व्यास ने शेखावाटी मांड, सुशील शर्मा ने गणगोरयां रै मेळे में.... की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर गौरीशंकर, बाबू पाटिल, प्रमोद शर्मा, योगेश गौड़, महेश मिश्रा, राजकुमार शर्मा, राजेंद्र ठठेरा, रचना कोठारी, नवीन शर्मा, नीरज गौड़, सुरेंद्र बावलिया, कैलाश शर्मा, महेश बावलिया, प्रमोद कुमार, हरिप्रसाद मोहता ने कलाकारों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में वर्ष 2025 का अभिनंदन-पत्र बैद्ध कृष्ण शर्मा के परिजन एड. पवन शर्मा, डॉ. प्रमोद बाजोरिया, शिवकुमार गोयनका व जगदीश सराफ को प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभिनंदन-पत्र का वाचन संस्था सचिव सुरेंद्र बावलिया ने किया। इसीक्रम में मोहन लाल चंदेल के पौत्र सोनू चंदेल को लोक नृत्य रत्न, दुर्गादत्त शर्मा की पुत्री को लोकगीत रत्न सम्मान, मिश्री खान मिराशी के पुत्र मुंशी खां मिराशी को लोक वाद्य रत्न सम्मान व सुमेर सिंह चौहान के पुत्र रघुनाथ सिंह चौहान को नाट्य कला रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्याम सुंदर शर्मा, प्रो. कमल कोठारी व रमाकांत भाऊवाला ने विचार व्यक्त करते हुए पारंपरिक लोक कला व संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया। संस्था अध्यक्ष सुजान सिंह खींची ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप शर्मा ने किया।

## भारत विकास परिषद रतनगढ़ के चुनावः परमेश्वरलाल आत्रेय अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** भारत विकास परिषद शाखा रतनगढ़ के सत्र 2026-2027 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रान्तीय नेत्र चिकित्सा प्रकल्प प्रभारी निरंजन चोटिया के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच पर अहमदाबाद के प्रमुख व्यवसायी, भामाशाह व गोपाल वाटिका के संरक्षक शिवप्रसाद महर्षि, प्रान्तीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, जिला सहसमन्वयक वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा तथा शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर उपस्थित रहे। परिषद की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गीत से हुई तथा मंचासीन अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान वर्तमान सत्र के अध्यक्ष, सचिव और वित्त सचिव ने सत्र 2025-2026 में आयोजित विभिन्न सेवा, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। चुनाव प्रक्रिया में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से परमेश्वरलाल आत्रेय को अध्यक्ष, एडवोकेट जयकांत बींवाल को सचिव तथा राकेश नायक को वित्त सचिव पद के लिए निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर मदनलाल कम्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, रघुनाथप्रसाद इंदौरिया, संजय कौशिक, राजेंद्र भारद्वाज, राजेंद्र सिंह बीदावत, कमलेश दत्त शर्मा, मदन सिंह फ्रांसा, कैलाश आत्रेय, शुकदेव सांखोलिया, दौलतराम दायमा, विनोद वर्मा, वेदप्रकाश पंवार, भंवरलाल टेलर, पवन कुमार महर्षि, रामदयाल चोटिया, मोतीलाल तातेड़, वासुदेव पारवानी, गणेश चंद्र शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, गोपाल हारित, मनोज चारण, निलेश इंदौरिया, बनवारी लाल जांगिड़, कल्याण सिंह चारण, रामौतार चांडक, उमेश चौहान, संजय कटारिया, पवन माटोलिया, विकास कौशिक, विजय शर्मा, विजय भारद्वाज, जगदीश प्रसाद शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# एनएसएस शिविर में 'राजस्थान दिवस सप्ताह' के तहत प्रतियोगिताएं

### जल महोत्सव मनाकर दिया संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों की ओर से रविवार को महाविद्यालय परिसर में तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 'राजस्थान दिवस सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ जल महोत्सव मनाकर जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में राजस्थान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को जानने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल हमारे जीवन का अमूल्य आधार है और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। शिविर का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कर एकत्रित कचरे का उचित निस्तारण किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में बौद्धिक व रचनात्मक गतिविधियों के तहत 'राजस्थान को जानें विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, राजस्थान की संस्कृति व विरासत पर आधारित चित्रकला (पेंटिंग) प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एकता (बीए द्वितीय सेमेस्टर) प्रथम, मनीषा (बीए द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय तथा तनुजा चौधरी (बीए द्वितीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में कशिश चाहर (बीए द्वितीय सेमेस्टर) प्रथम, एकता (बीए द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय तथा शुभम (बीए द्वितीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में तोहिद (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, गणित) प्रथम, प्रियंका (बीए द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय तथा साहिल (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, जीवविज्ञान) तृतीय स्थान पर रहे। तृतीय सत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में लगे पौधों की निराई-गुड़ाई कर उन्हें पानी दिया। साथ ही पक्षियों के लिए परिंडों में पानी भरकर पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास मील, रमेश कुमार व डॉ. आकांक्षा डूडी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और एनएसएस की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।